दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 22 मार्च-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 90 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## कातिल हसीना : हत्या के बाद मनाली में प्रेमी को दिया बर्थडे सरप्राइज, ऑडियो-वीडियो वायरल




**मेरठ।** मेरठ में सौरभ हत्याकांड को लेकर एक और नया खुलासा हुआ है। सौरभ की क्रूरता से हत्या कर शव के टुकड़ों ठिकाने लगाने के बाद आरोपी मुस्कान अपने प्रेमी के लिए सरप्राइज प्लान किया था। उसने पहाड़ों की वादियों में प्रेमी संग होली मनाई तो केक भी काटा। पब में डांस किया, नशा किया और जमकर अय्याशी की।

**प्रेमी के लिए क्या था मुस्कान का सरप्राइज प्लान :** पति का कत्ल करने के बाद प्रेमी संग वादियों में घूमने गई मुस्कान को लेकर आज एक और बड़ा खुलासा हुआ। सोशल मीडिया पर मुस्कान का कसोल से एक वीडियो वायरल हुआ तो एक व्हाट्सएप ऑडियो भी वायरल हुआ, जिसमें वह प्रेमी साहिल को सरप्राइज देने की बात कह रही है।

### कसोल के पब में किया एंज्वॉय, खेली होली

सौरभ की हत्या करने के बाद मुस्कान और उसका प्रेमी साहिल शुक्ला शिमला और कसोल चले गए थे। काफी दिन तक घूमकर मौज-मस्ती की। कसौल में ही दोनों ने होली खेली। एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दोनों रंगे हुए नजर आ रहे हैं।




# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा जब तक अधिकारियों पर नहीं होगी कार्रवाई, तब तक नहीं करेंगे ग्रहण अन्न और जल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी में जिस तरीके से पुलिस और विधायक के बीच कलश यात्रा रोकने को लेकर धक्का-मुक्की का मामला हुआ है, यह शांत नहीं हो रहा है। एक बार फिर शुक्रवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर नंगे पैर और फटे कुर्ते में प्रेस वार्ता करने के लिए जिला मुख्यालय गाजियाबाद पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि जब तक यूपी के भ्रष्ट अधिकारियों को हटाया नहीं जाता वह फटे हुए कुर्ते में रहेंगे। इसके साथ ही अन्न और जल ग्रहण नहीं करेंगे और नंगे पांव चलेंगे। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से कलश यात्रा को रोकने का प्रयास किया गया, उसमें कहीं ना कहीं स्थानीय पुलिस के अधिकारियों और वहां के एसीपी और थाना प्रभारी ने सोची समझी साजिश के तहत कलश



यात्रा को रोका गया ताकि लोनी का माहौल खराब हो और इसका इफेक्ट कई और जगहों पर भी जाए। इस लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि उनके कहने पर ही वह लंबे समय से चुप थे लेकिन अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## फटे कुर्ते में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे विधायक नंदकिशोर गुर्जर

## कई संगठनों और हिंदूवादी चेहरों ने कलश यात्रा पर पुलिस की कार्रवाई को बताया गलत

### नंदकिशोर ने कहा 28 मार्च के बाद शुरू करूंगा आर-पार की लड़ाई, मेरा सीना होगा और तुम्हारी गोलियां पड़ जाएगी कम

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए फिर भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एक बार पुलिस- प्रशासन और लखनऊ में बैठे अधिकारियों पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की जनता दुखी है। यूपी में जब राम कथा नहीं कर सकते बहन बेटियां लूट रही हैं फिर कैसा रामराज है। उन्होंने कहा है कि उनका फर्जी एनकाउंटर कराया जा सकता है, उनकी जान को खतरा है। तो वहीं उन्होंने कहा है कि 28 मार्च तक वह रामकथा में हैं। 28 मार्च के बाद राम कथा करके लखनऊ जाएंगे। साथ ही उन्होंने प्रदेश के बड़े अधिकारी का नाम लेते हुए कहा है कि मेरा सीन होगा तुम्हारी गोलियां कम पड़ जाएंगी। लोनी विधायक ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के भी कई अधिकारियों को कटघरे में खड़े करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उनके पास तमाम अधिकारियों के भ्रष्टाचार के सबूत हैं और वह समय आने पर सही जगह उसे रखने का काम करेंगे।



### राम कथा रोकने का काम तो सपा और बसपा की सरकार में भी नहीं हुआ : नंदकिशोर गुर्जर



करंट क्राइम : गाजियाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि राम कथा वह लंबे समय से लोनी में करवाते चले आ रहे हैं। हर साल लोनी में यात्रा निकालते हैं लेकिन जिस तरीके से भाजपा की सरकार में भगवान राम की कलश यात्रा को रोकने का षड्यंत्र रचा गया ऐसा तो सपा और बसपा की सरकार में भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रोजाना बड़ी संख्या में गाय काटी जा रही हैं। तो वहीं 50,000 गाय मौत के घाट भी उतारी जा रही हैं। पीठाधीश्वर उत्तर प्रदेश में राजमाता का गाय को दर्जा क्यों नहीं दे रहे हैं।

### मांगेराम त्यागी से लेकर यति नरसिंघानंद व साध्वी प्राची ने जताई नाराजगी





करंट क्राइम : लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर की कलश यात्रा के रोके जाने के मामले को लेकर मांगेराम त्यागी ने इस घटना की निंदा की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि हिंदू समाज के कार्यक्रम पर जो किया गया है, वह ठीक नहीं है। एक हिंदुत्व वाली सरकार व उसके सिस्टम से ऐसी उम्मीद नहीं की जाती है। उन्होंने अधिकारियों व सीएम योगी से मांग की है की इस मामले में एक्शन लिया जाए। वही यति नरसिंघानंद सरस्वती ने भी अधिकारियों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा है कि जो लोनी में यात्रा रोकने का काम किया गया है, यह हिंदू समाज के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा जिन हिंदुओं ने आज सरकार लाने के लिए वोट दिया था, वह रो रहे हैं। इसके साथ ही लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में साध्वी प्राची भी पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से कलश यात्रा को जिन पुलिस के अधिकारियों ने रोकने और यहां की व्यवस्था खराब करने और उनके भाई नंदकिशोर गुर्जर का कुर्ता फाड़ने का काम किया है, ईश्वर उनकी चमड़ी निकालने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि वह कथा वाचक अतुल के मंच पर इस तरीके से बोल रही हैं उसके लिए क्षमा चाहती है लेकिन जो हिंदुओं की यात्रा को रोकने की साजिश की गई वह बहुत ही शर्मनाक है।

### मुख्यमंत्री को भी लिखा लोनी विधायक ने लैटर



### सोशल मीडिया पर भाजापा वाले भी उठा रहे हैं आवाज



करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर को जिस प्रकार से कलश यात्रा के दौरान रोका गया, उनके कपड़े फट गए। पुलिस पर अभद्रता और धक्का-मुक्की करने का आरोप है। तो पुलिस भी विधायक नंदकिशोर पर आरोप लगा रही है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि एसीपी ने ही पूरा माहौल खराब किया है और एसएचओ भी इसमें शामिल है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वैशाली से पार्षद गौरव सोलंकी ने सोशल मीडिया पर नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में पोस्ट किया है। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा पदाधिकारी डॉ. उदिता त्यागी ने भी खुल के नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन में आवाज बुलंद की है। इसके साथ ही कई अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी राम कथा की शोभायात्रा को पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण रोके जाने पर नाराजगी जाहिर की है।

### पुलिस अधिकारियों की बढ़ सकती है टेंशन

करंट क्राइम : लोनी में हुआ यह पूरा मामला कहीं ना कहीं पुलिस और नेताओं के बीच इन दिनों जमकर चर्चा का विषय बना हुआ है। लखनऊ से लेकर दिल्ली और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से लेकर आईपीएस लॉबी में भी इस पर जमकर चर्चा शुरू हो गई है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से थाना प्रभारी और एसीपी द्वारा विधायक से आमना सामना किया गया है, उसके कुछ फोटो और वीडियो भी उच्च अधिकारियों को भेज दिए गए हैं। उधर चर्चा है कि इस पूरे मामले में एसीपी स्तर के अधिकारी पर कार्रवाई भी की जा सकती है।

# पांच अप्रैल को कश्यप-निषाद संगठन गाजियाबाद में महर्षि कश्यप जयंती पर करेगा महाकुंभ

### कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, घंटाघर रामलीला मैदान में होगा आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में 5 अप्रैल को गाजियाबाद के घंटाघर रामलीला मैदान में कश्यप निषाद संगठन विशाल महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इस महाकुंभ में कश्यप समाज के क्षेत्रीय, प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पदाधिकारियों को संबोधित करने के लिए गाजियाबाद आएंगे। नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि इस कार्यक्रम का मकसद महर्षि कश्यप को याद करना और उनके बताएं सिद्धांतों को जीवन में अपनाने लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम और महर्षि कश्यप के जीवन से जुड़े नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कई अन्य प्रमुख अतिथि भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का काम करेंगे।

### महर्षि कश्यप को दी जाएगी पुष्पांजलि

करंट क्राइम : 5 अप्रैल को घंटाघर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले कश्यप निषाद संगठन के महाकुंभ का मकसद महर्षि कश्यप जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि देना है । मंच पर महर्षि कश्यप की तस्वीर लगाई जाएगी इसके साथ ही महर्षि कश्यप से जुड़े जीवन के किस्सों को भी संगठन के लोग सुनने का काम करेंगे। इस पूरे आयोजन को महर्षि कश्यप के प्रति समर्पित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### दिल्ली ,उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड सहित कई प्रदेश के पदाधिकारी होंगे शामिल

करंट क्राइम : घंटाघर रामलीला मैदान में 5 अप्रैल को आयोजित होने वाले कश्यप निषाद संगठन के विशाल महाकुंभ में उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि दिल्ली, हरियाणा ,पंजाब , राजस्थान, हिमाचल प्रदेश , जम्मू कश्मीर व मध्य प्रदेश के साथ ही कई अन्य प्रदेश के कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को मंच पर स्थान देने के साथ ही उनके द्वारा समाज को एकजुट करने का संदेश दिया जाएगा।

### घंटाघर रामलीला मैदान में कई दिन पहले शुरू हो जाएगी तैयारी

करंट क्राइम : कश्यप निषाद संगठन की ओर से होने वाले रामलीला मैदान घंटाघर में विशाल महाकुंभ को आयोजित करने का मकसद कश्यप निषाद समाज को एकजुट करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि कार्यक्रम के लिए तैयारी को शुरू कर दिया गया है। वही मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का समय भी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मिल गया है। कार्यक्रम घंटाघर रामलीला मैदान में होगा, जहां विशाल पंडाल के साथ ही हजारों लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही शहरभर में बैनर और होल्डिंग्स लगाने का काम किया जाएगा।

### कार्यकर्ताओं को दी जाएगी बड़ी जिम्मेदारी

करंट क्राइम : 5 अप्रैल को कश्यप निषाद संगठन की ओर से आयोजित होने वाले विशाल महाकुंभ के लिए कश्यप निषाद संगठन के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के लिए सूचना दे दी गई है। इसके साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने और बड़े स्तर पर सफल आयोजन करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों को शामिल किया जाना है और मंच से मुख्यमंत्री और नरेंद्र कश्यप का संबोधन भी होगा। जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ भी आमंत्रित की जाएगी। बता दें कि इससे पहले भी नरेंद्र कश्यप द्वारा कश्यप निषाद संगठन के कई कार्यक्रम गाजियाबाद में कराए गए हैं जो बेहद सफल रहे हैं। प्रेस वार्ता में सागर कश्यप, पवन कश्यप, मधुकर त्यागी, सिद्धार्थ कश्यप, विशाल कश्यप सौरव जायसवाल उपस्थित रहे।

# आज आ रहे हैं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

### -बिहार दिवस को लेकर भाजपा की तैयारियों की लेंगे जानकारी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा एक भारत-श्रेष्ठ भारत के स्वरूप में बिहार दिवस के अवसर पर पहला संदेश देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद से देगी। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में वोट बैंक का एक सबसे बड़ा हिस्सा बिहार और पूर्वांचल के नाम है। यह कार्यक्रम कितना महत्वपूर्ण है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार्यक्रम की जानकारी देने के लिये आज भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह आ रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहेंगे। इस प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक प्रेमरंजन पटेल भी मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम की महत्ता को इसी से समझा जा सकता है कि कार्यक्रम की जानकारी देने के लिये भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी आ रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह आ रहे हैं। यह प्रेसवार्ता आज आरडीसी के होटल कृष्णा सागर में सुबह साढ़े 11 बजे आयोजित होगी।

# गोविंदपुरम में बुजुर्ग की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

### गोविंदपुरम डी-ब्लॉक का मामला




मृतक पाती सिंह का फाइल फोटो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में कवि नगर थानाक्षेत्र के गोविंदपुरम डी-ब्लॉक में घर में रह रहे बुजुर्ग की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बुजुर्ग की उम्र लगभग 61 वर्ष बताई जा रही है। मृतक पाती सिंह स्वास्थ्य मंत्रालय से रिटायर्ड थे। यहां लंबे समय से रह रहे थे। उनका शव बिस्तर के पास मिला है। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। साथ ही इस मामले में उनकी बहू और आसपास के लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। साथ ही इस पूरे हत्याकांड की प्रॉपर्टी विवाद से लेकर कई अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है। शुरूआती जांच में पुलिस हत्या के पीछे किसी विवाद को वजह मानकर चल रही है।

बता दें कि शुक्रवार रात पुलिस को कंट्रोल रूम पर सूचना मिली कि गोविंदपुरम के डी-273 में एक व्यक्ति की हत्या हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची। हत्या की सूचना पास में रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस जब मौके पर पहुंची तो मृतक की बहू ने खुद को कमरे में बंद किया हुआ था। सुनने में आया है कि मृतक के बेटे की कई साल पहले मौत हो चुकी है। हत्या की सूचना मिलने पर मौके पर कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक और फोरेंसिक की टीम जांच करने पहुंच गई थी। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुट गई है।

# सिटी जोन में चली टू-स्टारों की तबादला एक्सप्रेस कई को मिली चौकी और कई को भेजा गया थाने

### 19 उपनिरीक्षकों को मिली नई तैनाती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन के अंतर्गत कई चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। तो कई चौकी प्रभारियों को थाने से अटैच किया गया है। वहीं अच्छी वर्किंग वाले कई दरोगा खास चौकियों पर भेजे गए हैं। तो कई चौकी प्रभारियों के थानाक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। कुल मिलाकर डीसीपी सिटी राजेश कुमार के निर्देश पर 32 पुलिसकर्मियों की एक तबादला एक्सप्रेस रवाना की गई। जिसमें 19 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिसके बाद कई चौकियों पर उपनिरीक्षक बदले गए हैं।


### पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन में किसको कहां मिली नई तैनाती




करंट क्राइम : इस लिस्ट में उपनिरीक्षक सचिन कुमार को थाना मधुबन बापूधाम से हल्का प्रभारी सेक्टर-03 राज नगर थाना कवि नगर बनाया गया है। तो अरुण कुमार बालियान को चौकी प्रभारी बजरिया से चौकी प्रभारी वर्धमानपुरम थाना मधुबन बापूधाम किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक सचिन कुमार को चौकी प्रभारी वर्धमानपुरम से चौकी प्रभारी प्रताप विहार थाना विजयनगर भेजा गया है। उपनिरीक्षक प्रेम सिंह राजपूत को चौकी प्रभारी सेक्टर-09 विजयनगर से चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र थाना कवि नगर बनाया गया है। उपनिरीक्षक सतीश धामा को चौकी प्रभारी सेक्टर-09 विजयनगर किया गया है। तो वहीं उप निरीक्षक रोहित गुप्ता को थाना सिहानी गेट से चौकी प्रभारी बजरिया थाना कोतवाली बनाया गया है। उप निरीक्षक अनूप कुमार को चौकी प्रभारी नासिरपुर फाटक से थाना सिहानी गेट पर अटैक किया गया है। वहीं उपनिरीक्षक मानवेंद्र को चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र थाना कवि नगर से कवि नगर थाने में भेजा गया है। त्रिवेंद्र सिंह को थाना सिहानी गेट से चौकी प्रभारी गौशाला फाटक थाना विजयनगर बनाया गया है। वहीं राम किशोर सिंह को थाना नंदग्राम से चौकी प्रभारी मॉडल टाउन थाना कोतवाली भेजा गया है। उपनिरीक्षक लेखराज सिंह को नगर जोन से चौकी प्रभारी सिहानी चुंगी थाना नंदग्राम बनाया गया है। तो उपनिरीक्षक ओमवीर को नगर जोन से चौकी प्रभारी नसीरपुर फाटक थाना सिहानी गेट बनाया गया है। इसके साथ ही उप निरीक्षक संतोष कुमार को थाना मधुबन बापूधाम, उप निरीक्षक अकरम को थाना सिहानी गेट, रामपाल सिंह को थाना कवि नगर, जय सिंह सरोहा विजयनगर थाना, सोमवीर सिंह को घंटाघर कोतवाली, रमन सिंह को नंदग्राम और मोहम्मद सलीम को नंदग्राम थाना भेजा गया है।

# कातिल मुस्कान : शारदा रोड से चाकू, घंटाघर से ड्रम...खैरनगर से खरीदी नशीली गोलियां

## बिल्ली और बीयर की बोतलें... साहिल का कमरा उगलेगा हर राज!



## मां ने मांगी बेटी के लिए फांसी की सजा

**मेरठ।** मेरठ के सौरभ हत्याकांड के बारे में जिस किसी ने भी सुना वह दंग रह गया। अब जांच में सामने आया है कि हत्यारोपियों ने सौरभ को मारने के लिए जिन चीजों का इस्तेमाल किया वह उन्हें 1.5 से 2 किलोमीटर के दायरे में ही मिल गईं। पुलिस का मानना है कि मुस्कान ने गूगल पर सर्च करके नींद का इंजेक्शन डॉक्टर के पर्चे पर लिखकर बाजार से ले लिया। ऐसा भी संभव है। इसके अलावा खैरनगर में मेडिकल स्टोर संचालक, घंटाघर से जहां से ड्रम खरीदा उनके भी बयान पुलिस दर्ज कर लिए हैं। पुलिस वहां की सीसीटीवी फुटेज लेने की भी बात कह रही है।

### बाजार से खरीदे दो मुर्गा काटने वाले चाकू

मुस्कान ने मुर्गा काटने वाले दो चाकू शारदा रोड से लिए। वहां भी पुलिस बयान दर्ज कर लिए हैं। इसके अलावा खैरनगर से नींद की गोली और इंजेक्शन बेचने वाले दवा विक्रेता भी बयान दर्ज कर लिए हैं। ड्रम घंटाघर से लिया था, पुलिस की कोशिश है वहां के बयान लेने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज भी मिल जाए ताकि साक्ष्य मजबूत हो जाए।

### पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, चीफ फार्मासिस्ट खुद हैरत में

फिल्मों के पोस्टर और सोशल मीडिया पर अक्सर ऐसे फोटो शेयर किए जाते हैं, जिनमें एक दिल बनाकर उसमें तीर घुसा होता है और उससे खून रिस रहा होता है। ठीक ऐसा ही सौरभ के दिल का हाल था। चाकू के तीन वार उसके दिल पर किए गए। इससे दिल क्षतिग्रस्त था। सौरभ का जिस बेरहमी से कत्ल किया गया, उसे देखकर पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, चीफ फार्मासिस्ट और अन्य स्टाफ भी हैरत में हैं। दो दिन हो गए, मगर उनके जहन में अब भी सौरभ का शव घूम रहा है।

**धड़ से अलग थी गर्दन, कलाइयों से दोनों हाथ :** पोस्टमार्टम करने वाली चिकित्सीय टीम ने बताया कि एक साल में मेडिकल कॉलेज की मॉर्चरी में 1500 से 1800 पोस्टमार्टम होते हैं, जिनमें से 700 से 800 पोस्टमार्टम में वे लोग शामिल रहते हैं। सौरभ के शव के बारे में उन्होंने बताया कि यह अपने तरह का अजीब शव था, जो पोस्टमार्टम के लिए लाया गया था। शुरू में तो लगा सामान्य शव होगा, मगर ऐसा नहीं था। शव देखकर चौकना लाजिमी था, क्योंकि गर्दन धड़ से अलग कटी थी। कलाइयों से दोनों हाथ कटे थे। बाकी धड़ अलग था।

### दिल के अंदर तक थे चाकू के वार

उन्होंने बताया कि शरीर को छोटा करने के लिए पैर पीछे की तरफ मोड़े गए थे, जो इतने सख्त हो गए थे कि उन्हें सीधा नहीं किया गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि दिल पर वार बहुत जोर लगाकर किए गए हैं, क्योंकि चाकू के वार दिल के अंदर तक थे। करीब डेढ़ घंटे तक पोस्टमार्टम चला। इसके बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### कटर से काटा गया ड्रम और सीमेंट, तब निकला शव

टीम ने बताया कि शव को ड्रम में डालकर डस्ट और सीमेंट डालकर उसमें ऊपर तक पानी भरा गया था। इससे शव सीमेंट के बीच में जम गया था। हवा न जा पाने के कारण शव सड़ा गला नहीं था, उसमें दुर्गंध भी कम आ रही थी। पोस्टमार्टम हाउस में ड्रम को कटर से काटा गया। फिर जमे हुए सीमेंट को काटा गया। उसमें से शव निकाला गया। इसमें करीब एक घंटा लग गया। इसके बाद पोस्टमार्टम किया गया।

### मेडिकल स्टोर व ड्रम बेचने वाले कर सकते हैं बड़ा खुलासा

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अब साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### साहिल का कमरा खोलेगा हर राज!


साहिल बहुत शातिर है। वह व्हाट्सएप पर अक्सर बदमाशी वाले स्टेटस लगाना पसंद करता है। घर के प्रथम तल पर बने कमरे पर भी उसने गेट पर बड़ा पोस्टर लगा रखा है। इसमें लिखा है कि नमक स्वाद अनुसार और अकड़ औकात अनुसार। यह पोस्टर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



हत्यारोपी मुस्कान के पिता



हत्यारोपी मुस्कान की मां



सौरभ राजपूत की बहन

### सौरभ की मां का आरोप, मुस्कान के घरवालों को हत्या के बारे में थी जानकारी



मृतक सौरभ के परिवार ने आरोप लगाया है कि आरोपी पत्नी मुस्कान रस्तोगी के माता-पिता को सौरभ की हत्या के बारे में 18 मार्च से पहले ही पता था। सौरभ की मां रेणु देवी ने दावा किया कि उनकी छह साल की बेटी को भी अपने पिता की मौत के बारे में पता था। वह लोगों से कह भी रही थी कि पापा ड्रम में हैं।

**पुलिस ने खारिज किया दावा :** हालांकि एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि जब मुस्कान घटना की कहानी परिवार वालों को बता रही थी, तब बेटी शायद वहीं मौजूद रही होगी। लड़की को इस बारे में (पहले से) कुछ भी पता नहीं था।

### मेरठ हत्याकांड में सौरभ की बेटी को पता था राज?

पूर्व मर्चेंट नेवी अधिकारी सौरभ की मां ने चौंकाने वाला दावा किया है कि उसके बेटे की छह साल की बेटी को अपने पिता की मौत के बारे में पता था और उसने कहा था, 'पापा ड्रम में हैं।' हालांकि, पुलिस ने इस दावे को खारिज करते कर दिया है। वहीं सौरभ राजपूत के शव का पोस्टमार्टम के बाद इंदिरा नगर इलाके में उसके घर लाया गया। बुधवार देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### मम्मी-पापा को याद कर रो रही पीहू



सौरभ-मुस्कान की पांच साल की बेटी पीहू वारदात के दिन तीन मार्च से ही अपनी नानी कविता रस्तोगी के पास है। सौरभ की हत्या होने और मुस्कान के जेल जाने के बाद मासूम पीहू बार-बार मम्मी और पापा की याद कर रही है। पीहू अपनी नानी से कह रही है कि मुझे मम्मी और पापा से मिलना है। बच्ची ने नानी से यह भी पूछा कि पेपर में मम्मी-पापा का फोटो क्यों है।

### हत्या के बाद साहिल ले गया था सौरभ राजपूत का सिर अपने घर

सौरभ की हत्या करने के बाद साहिल सिर को अपने घर ले गया। ऐसे में चर्चा है कि तंत्र-मंत्र के लिए तो वह सिर तो नहीं ले गया। एसपी सिटी ने कहा कि इस बिंदु पर अभी पूछताछ नहीं हो सकी है। जल्द ही आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी तंत्र-मंत्र की बात वायरल हुई थी।

### मुस्कान जान गई थी साहिल की कमजोरी





हत्यारोपी साहिल का कमरा

एसपी सिटी ने बताया कि साहिल अपनी मां को बहुत प्यार करता था, मां के बारे में अक्सर मुस्कान से बातचीत किया करता था। साहिल की कमजोरी मुस्कान समझ गई और वह बार-बार फर्जी आईडी से मैसेज कर साहिल को सौरभ का हत्या करने की बात लिखती थी। स्नैप चैट पर मुस्कान ने सौरभ की भी फर्जी आईडी बना रखी थी। सौरभ की आईडी से मुस्कान लिखा करती थी कि मेरे मां-बाप मुझे मारना चाहते हैं, ताकि लोग समझें कि सौरभ लिख रहा है और सौरभ की हत्या के बाद उसके परिजनों को ही इसके लिए जिम्मेदार ठहराएं और मुस्कान व साहिल बच जाएं।

## दिल्ली में मेरठ जैसी दरिंदगी

### आसिफ ने महिला मित्र को दी खौफनाक मौत

**नई दिल्ली।** दूसरे लड़कों से बातचीत करने से नाराज एक युवक ने कार में अपनी महिला मित्र की गला घोंटकर हत्या कर दी। शव ठिकाने लगाने के लिए वह काफी देर तक कार में इधर उधर घूमता रहा और फिर एक दोस्त की मदद से छावला में पहुंचा, जहां उसने नजफगढ़ नाले में शव फेंक दिया। शव बाहर न निकले, इसके लिए आरोपियों ने हाथ-पैर को रस्सी से बांधकर उसमें पत्थर बांध दिया, लेकिन पांच दिन के बाद ही शव पानी से बाहर निकल गया और छावला थाना पुलिस ने शव बरामद कर लिया। हत्या के इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों आसिफ और जावेद उर्फ जुबैर को गिरफ्तार कर लिया।

मृतका की पहचान कोमल के रूप में हुई है। वह सुंदर नगरी में रहती थी और कॉल सेंटर में काम करती थी। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 17 मार्च को छावला थाना पुलिस को नजफगढ़ नाले में युवती का शव होने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने शव नाले से बाहर निकाला। शव सड़ी गली अवस्था में था। छावला पुलिस ने शव मिलने की जानकारी दिल्ली की सभी थाना पुलिस को दे दी।

इसी बीच नंद नगरी से लापता एक युवती के परिजनों ने शव की पहचान बेटी कोमल के तौर पर की। उन्होंने बताया कि कोमल 12 मार्च से लापता थी। इस बाबत नंद नगरी थाने में शिकायत की थी।

## बेटी से हुआ झगड़ा, फंदे से झूलकर पिता ने दे दी जान




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सब्जी में नमक अधिक होने पर बेटी से झगड़े के बाद 55 वर्षीय सियाराम कश्यप ने बुधवार देर रात कमरे में फंदा लगा लिया। घटना वजीरगंज के मशक्कगंज के खेमे दो जान मोहल्ले की है।

मूलरूप से सीतापुर के बिसवां निवासी सियाराम कश्यप मजदूरी करते थे। उनके बेटे अंकित ने बताया कि परिवार किराये पर रहता है। बुधवार शाम पिता नशे की हालत में घर पहुंचे। बहन मोहिनी ने उनको खाना दिया। सब्जी में नकम अधिक होने पर वह नाराज हो गए। खाना फेंक दिया और झगड़ा करने लगे। परिजनों ने किसी तरह उनको समझा-बुझाकर शांत कराया। देर रात अंकित उठा और पिता के कमरे में गया तो देखा कि वह पंखे में गमछे के सहारे लटके थे। परिवार में पत्नी रामदुलारी और बेटा मोहित भी है।

## बेटे की लाश देख ट्रेन के आगे कूदी मां



**वाराणसी।** जंसा थाना क्षेत्र के परमपुर गांव के सामने रिंग रोड पर बीती रात संदिग्ध हालत में बुलेट से गिरकर युवक घायल हो गया था। पुलिस ने एंबुलेंस से उसे ट्रॉमा सेंटर भिजवाया, जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां ने ट्रेन से कट आत्महत्या कर ली।

जानकारी के अनुसार, लोहता थाना क्षेत्र के राम रायपुर गांव निवासी विनय कुमार सिंह (27) वर्ष पुत्र स्वर्गीय अनिल सिंह बीती रात लगभग 10 बजे परमपुर रिंग रोड की तरफ अपनी बुलेट मोटरसाइकिल से जा रहा था। संदिग्ध स्थिति में गिरकर घायल हो गया।

घटना की जानकारी जब विनय की मां समलावती देवी (56) को हुई तो लोहता थाना क्षेत्र के बनकट गांव के सामने भोर में करीब 5 बजे ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

## सीएम योगी ने रामलला के चरणों में झुकाया शीश, हनुमानगढ़ी में भी लगाई हाजिरी




**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रामनगरी पहुंचे। उन्होंने अपने दौरे का आगाज हनुमानगढ़ी में संकट मोचन के चरणों में हाजिरी लगाकर किया। यहां उन्होंने संतों से भी मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चरणों में भी प्रणाम निवेदित किया।

### सीएम ने की प्रदेश के कल्याण की कामना

शुक्रवार सुबह तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन व स्थानीय लोगों से मिलने के उपरांत मुख्यमंत्री रामनगरी पहुंचे, जहां रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की। सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया।



### मुख्यमंत्री ने संतों से भी की मुलाकात

मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। यहां मुख्यमंत्री सबसे पहले गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां अन्य संतों से भी मिले और उनका हालचाल जाना।

**निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में ली जानकारी :** इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया।

इसके बाद उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया, यहां चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र ने मुख्यमंत्री को यहां चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## पूर्व मंत्री की बहू की मौत

### प्रेमी और पति-पत्नी, तीनों बंद कमरे में कर रहे थे शराब पार्टी



**झांसी।** पूर्व मंत्री रतनलाल अहिरवार की बहू संगीता की हत्या के आरोप में पति एवं प्रेमी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घर में दारू पार्टी के दौरान संगीता की हत्या कर दी गई थी। तकिये से गला दबाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस के घर पहुंचने पर दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस के खटखटाने पर प्रेमी ने दरवाजा खोला। बिस्तर पर संगीता का शव पड़ा था, जबकि सोफे पर पति बेसुध हाल में था। पुलिस दोनों आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। अत्याधिक नशे में होने से अभी तक दोनों कुछ अधिक नहीं बता सके। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

कोतवाली के लक्ष्मी गेट मोहल्ला निवासी रविंद्र बसपा शासनकाल में राज्य मंत्री रहे रतनलाल अहिरवार का भतीजा है। वह पत्नी संगीता अहिरवार (36) एवं तीन बच्चों के साथ लक्ष्मी गेट में रहता था। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार शाम संगीता से मिलने रोहित वाल्मिकी नामक युवक शराब लेकर आया। वह अक्सर संगीता से मिलने आता था।

पति रविंद्र भी घर पर मौजूद था। बेडरूम का दरवाजा बंद करके तीनों शराब पीने लगे।

### आम आदमी पार्टी ने संगठन में किया बड़ा बदलाव

## सिसोदिया बनाए गए पंजाब प्रभारी, सौरभ बने दिल्ली के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने पर फैसला लिया गया। चार राज्यों में प्रभारी बनाने पर सहमति हुई। गुजरात में गोपाल राय प्रभारी, दुर्गेश पाठक सह प्रभारी, गोवा में पंकज गुप्ता प्रभारी, पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेन्द्र जैन सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ के लिए संदीप पाठक प्रभारी बनाए गए हैं। दिल्ली का अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और जम्मू कश्मीर के लिए मेहराज मलिक को जिम्मेदारी दी गई है।

आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, आज पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में कई फैसले लिए गए। गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है। पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी बनाया गया है। मनीष सिसोदिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है और मुझे छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज को पार्टी की दिल्ली इकाई का प्रमुख और मेहराज मलिक को पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, चुनाव में दिल्ली की लगभग आधी आबादी ने हमें (आप) वोट दिया था। हमें इन वोटर्स के साथ उन लोगों का भी ध्यान रखना है, जिन्होंने यह सोचकर भाजपा को वोट दिया था कि हमें 2500 रुपये मिलेंगे और गैस सिलेंडर मिलेगा। हम पार्टी को मजबूत करेंगे और मेरा मानना है कि हारने के बाद संगठन का निर्माण करना सबसे आसान होता है।

## नेजा मेला विवाद : संभल के खेतापुर में भी आयोजन नहीं, प्रशासन ने अनुमति से किया इनकार, पुलिस ने बढ़ाई निगरानी



**संभल।** बहजोई कोतवाली क्षेत्र के गांव खेतापुर में भी इस बार नेजा मेले का आयोजन नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। खेतापुर में भी सैयद सालार मसूद गाजी की याद में इस बार 25 मार्च को नेजा मेला आयोजित किया जाना था। प्रशासन के इनकार के बाद खेतापुर में स्थित दरगाह के सज्जादानशीन शद्दन शेख ने भी कहा है कि वह इस बार मेले का आयोजन नहीं करेंगे। क्योंकि रमजान चल रहे हैं। दरअसल सैयद सालार मसूद गाजी की याद में संभल नगर पालिका, शहबाजपुर सूरा नगला और बादल गुंबद व खेतापुर में नेजा मेले का आयोजन किया जाता रहा था। इस बार एएसपी श्रीश्चंद्र ने संभल की धार्मिक नगर नेजा कमेटी के पदाधिकारियों को अनुमति देने से इनकार कर दिया। साथ ही जहां ढाल और झंडा लगाया जाता था उस स्थान को भी बंद करा दिया।

साथ ही नेजा कमेटी के पांच सदस्यों को पांच-पांच लाख रुपये के मुचलके से पाबंद किया है। यह नेजा मेले 25, 26 और 27 मार्च को आयोजित किए जाने थे। शहबाजपुर सूरा नगला और खेतापुर में 25 मार्च को नेजा मेला आयोजित होना था। शहबाजपुर सूरा नगला के मेला आयोजन को प्रशासन ने मना कर दिया था। अब खेतापुर में भी अनुमति नहीं दिए जाने की बात कही है। हालांकि अभी तक अनुमति मांगी भी नहीं गई है।

**मेले के स्थानों पर पुलिस की चौकसी :** संभल, शहबाजपुर सूरा नगला और बादल गुंबद में नेजा मेला लगने थे। इन स्थानों पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है। आसपास के दुकानदारों से भी छानबीन की जा रही है।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्रवधु विमलेश पत्नी स्व नीटू उर्फ.जुगल किशोर व अपने पौत्र शुभम को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

प्रार्थनी
भगवान देइपत्नी स्व श्री सौसिंह निवासी
मकान नंबर-16, सिद्धार्थ विहार,
बागू, गाजियाबाद, यू पी

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र सचिन कुमार को उसके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थीगण
रमेश कुमार पुत्र श्री विजय सिंह श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री रमेश कुमार निवासीगण मकान नंबर-125, दौलतपुरा, तहसील व जिला-गाजियाबाद, यू पी





# लोनी विवाद के बाद जनप्रतिनिधियों ने नपे-तुले शब्दों में रखी अपनी बात

## कहा- अगर संयम से लिया होता काम तो बिगड़ते नहीं इतने हालात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी में धार्मिक यात्रा के दौरान पुलिस अधिकारियों और लोनी विधायक के बीच विवाद हो गया। दरअसल लोनी में एक कथा आयोजन से पहले कलश यात्रा निकल रही थी। इस कलश यात्रा में पवित्र धार्मिक ग्रंथ सिर पर रखकर स्वयं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर चल रहे थे। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं थीं। पुलिस का कहना था कि नए रूट यात्रा नहीं निकलेगी और लोनी विधायक का कहना था कि यह जुलूस नहीं है बल्कि कलश यात्रा है। इसी को लेकर दोनों पक्षों में बहस होने लगी और इसके बाद लोनी विधायक ने धरने पर बैठने का एलान किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की बात कही। सरकार भाजपा की और विधायक भी भाजपा के। ऐसे में अगर कलश यात्रा को लेकर टकराव होता है तो इन मामलों में किरकरी सरकार की होती है। एक संदेश जनता के बीच जाता है। इस पूरे प्रकरण को लेकर भाजपा के विधायक और पुलिस आमने-सामने हैं। भाजपा के अन्य जनप्रतिनिधि इस मामले पर क्या विचार रखते हैं। इसको लेकर करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद, विधानसभा विधायक और विधान परिषद सदस्य से बात की। सभी ने अपने-अपने विचार रखे।

### अगर अपनाया जाता डिप्लोमेट तरीका तो नहीं बिगड़ती बातः सांसद अतुल गर्ग



**(करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लोनी प्रकरण को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मेरा यह मानना है कि अगर ऐसे मामलों में पुलिस के द्वारा डिप्लोमट तरीके से समाधान होता तो यह बात इतनी नहीं बिगड़ती। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि आमतौर पर कथाओं का आयोजन होता रहता है और यह एक कलश यात्रा थी ना कि जुलूस था और यदि पुलिस यहां डिप्लोमेट पॉलिसी का पालन करती तो बात बिगड़ती ही नहीं।

### मीडिया में कुछ नहीं कहना, जो कहूंगा पार्टी मंच पर कहूंगाः कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा



**(करंट क्राइम)।** साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस पूरे मामले में कुछ भी कहने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसके बारे में मैं मीडिया में कुछ नहीं कहूंगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जहां कहना होगा वहां कहूंगा। उन्होंने बताया कि वह पार्टी के उचित मंच पर उचित समय में इस मुद्दे पर जरूर अपनी राय रखूंगा, लेकिन फिलहाल उन्होंने मीडिया में कुछ भी कहने से इनकार किया।

### नरेंद्र कश्यप ने कहा नंदकिशोर के मामले में पार्टी लेगी फैसला



**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप से जब पूछा गया कि उनके विधायक को पुलिस ने कलश यात्रा करने से रोका और उनकी गिरबान पर हाथ डाला, तो इस मामले को लेकर उन्होंने कहा है कि अभी इस पूरे मामले पर उन्होंने जानकारी नहीं हासिल की है लेकिन जो भी हुआ वह ठीक नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र भारत राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने यह भी कहा है कि इस मामले में भारतीय जनता पार्टी जल्द ही फैसला लेगी। साथ ही उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से शुरूआती यात्रा के दौरान पुलिस का रवैया था वह भी ठीक नहीं था। इस मामले को जिस प्रकार से बढ़ा दिया गया है, ऐसा नहीं होना चाहिए था।

### जो हुआ, गलत हुआ, विधायक को भी नहीं देना था तूलः दिनेश गोयल



**(करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल ने लोनी प्रकरण पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अपनी ही सरकार में जनप्रतिनिधि और पुलिस अधिकारियों के बीच इस तरह का टकराव सही नहीं है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि जो हुआ गलत हुआ। उन्होंने कहा कि लोनी में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि आदरणीय विधायक लोनी को भी इस मामले को ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए था। बैठकर भी बात हो सकती थी। यह मुद्दा सुलझाया जा सकता था। उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार है और इसमें सभी धर्मों का सम्मान है, लेकिन लोनी में जो कुछ हुआ वह खेदजनक है।

### टकराव के बजाए बातचीत से सुलझ सकता था मामलाः शहर विधायक संजीव शर्मा



**(करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने लोनी मामले को लेकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को भी कलश यात्रा को इस तरह रोकने के बजाए पहले ही आयोजकों से बातचीत कर लेनी चाहिए थी। अगर यात्रा निकल रही थी तो यहां बातचीत के जरिये भी समाधान हो सकता था। पुलिस प्रशासन को यात्रा रोकने के बजाए मध्यस्थ वार्ता का तरीका अपनाना चाहिए था। लोनी में रामभक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर दोनों ही पक्ष अगर संयम से काम लेते तो एक सकारात्मक संदेश जाता। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि इस तरह के टकराव सरकार हित में और जनहित में ठीक नहीं होते हैं। वार्ता के जरिये मामले को बेहतर तरीके से सुलझाया जा सकता था।

---

# महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में हो रहा है पहले बड़े कार्यक्रम का आगाज

## संख्या बल से होगा उनके नेतृत्व की ताकत का एहसास

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं। वो कार्यक्रमो के साथ बैठक भी ले चुके हैं और संगठन उनके लिये नया नहीं है। अध्यक्ष पद से पहले भी मयंक गोयल महानगर से लेकर क्षेत्रीय टीम में रहे हैं। उनकी कार्यक्षमताओं से सभी परिचित हैं। पूरी योजना के साथ काम करते हैं। मयंक गोयल के कमान संभालने के बाद उनके नेतृत्व में बड़ा कार्यक्रम होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के जरिये जहां मयंक गोयल की नेतृत्व क्षमता का एहसास होगा वहीं उनके साथ चल रहे चेहरों की ताकत का भी लिटमस टेस्ट होगा। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में बिहार दिवस का आयोजन होगा। बिहार और पूर्वांचल से जुड़ा ये कार्यक्रम भाजपा का एक बड़ा कार्यक्रम है और भाजपा इस कार्यक्रम को देश की सबसे बड़ी विधानसभा से करेगी। महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल के नेतृत्व में ये पहला कार्यक्रम होगा। यहां संख्या बल से ताकत का एहसास होगा। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। साहिबाबाद में होने वाले इस प्रोग्राम को लेकर संगठन स्तर पर बैठक हो



रही है। कई बड़े नेता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और माना ये जा रहा है कि एक बड़ा संदेश भाजपा इस कार्यक्रम के जरिये देना चाहती है। वही महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल इस कार्यक्रम से अपनी नेतृत्व क्षमता का संदेश देंगे।

### बड़े कार्यक्रम कराने की महारत रखते हैं मयंक गोयल

**(करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की बात करें तो उनका ट्रैक रिकॉर्ड बताता है कि वो बड़े कार्यक्रम कराने की क्षमता और महारत दोनों ही रखते हैं। वो पूर्व में कई बड़े आयोजित करा चुके हैं। पार्टी की गाइडलाइन पर चलकर ही ये काम करते हैं। कई चुनावी प्रचार युद्ध कमान संभाली है। सबसे बड़ी बात ये है कि मयंक गोयल गाजियाबाद की राजनीति के लिये नये नहीं हैं और संगठन के लिये भी वो नए नहीं हैं। कार्यकताओं को जुबानी जानते हैं। क्षेत्र की भोगौलिक और सामाजिक संरचना से परिचित हैं। कार्यक्रम कराने की पूरी योग्यता रखते हैं। लिहाजा बड़े कार्यक्रम को लेकर मयंक गोयल की क्षमता पर सभी को भरोसा है।

### जो चेहरे हैं साथ उनकी योग्यता का होगा लिटमस टेस्ट

**(करंट क्राइम)।** साहिबाबाद से बड़ा कार्यक्रम करके भाजपा एक संदेश देगी। महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल के लिये ये पहला कार्यक्रम होगा और जानकार ये मान रहे हैं कि यहां उन चेहरों की क्षमता का भी और योग्यता का भी लिटमस टेस्ट होगा जो चेहरे इस समय महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नजर आ रहे हैं। इनमें से कुछ टीम में शामिल होने की इच्छा रखने वाले हैं तो कुछ की अपनी अलग-अलग राजनीतिक महत्वकांक्षा हैं। अब जब एक बड़ा कार्यक्रम आया है तो यहां मयंक गोयल की टीम और टीम ये चेहरे कितना कारगर खुद को साबित कर पाते हैं, ये देखने की बात है और यहीं से ये भी पता चलेगा कि महानगर अध्यक्ष को मंडलों से कितना सपोर्ट मिलेगा, बूथ अध्यक्ष क्या भूमिका निभाएंगे और यहां से सहयोग का गणित पूरी सामने आ जाएगा।

# ऑटो चालक रवि ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

## ललितपुर से आए दिवाकर को पुलिस ने लौटवाए 8 लाख 23 हजार रुपए

गाजियाबाद, करंट क्राइम : ईमानदार व्यक्ति आज भी समाज में हैं और ईमानदारी किसी के ईमान को नहीं डगमगा सकती है। ऐसा ही मामला पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सामने आया है। जहां ललितपुर से आए दिवाकर उनके साथी सौरभ व रविंदर गाजियाबाद एक पुरानी गाड़ी खरीदने के लिए बैग में 8 लाख 23 हजार रुपए लेकर लौटे थे। वह गोविंदपुरम से पुराने बस अड्डे लौटे, तो उनका बैग ऑटो में छूट गया और वह बैग उठाना भूल गए। जब उनको होटल में पहुंचने के बाद याद आया तो उन्होंने ऑटो को खोजने का प्रयास किया। उसी रात जब ऑटो चालक रवि अपने घर इंद्रगढ़ी पहुंचा तो उसने ऑटो में बैग रखा देखा। इसके बाद उसने ऑटो वाली सवारी को खोजना शुरु किया। वहीं थाने में दिवाकर ने लाखों रुपए से भरा बैग खोने की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरु की। इसी बीच रवि द्वारा लाए गए बैग को पुलिस को दिखाया और उनका पैसा वापस करवाया गया।



पुलिस की मुस्तैदी भी आई काम

### लाखों रुपए देखकर भी लालच में नहीं आया ऑटो चालक रवि

**करंट क्राइम :** पुलिस से जानकारी मिली है कि रवि ने जब इस बैग को खोला तो उसमें कुछ सामान, कपड़े, मोबाइल के चार्जर, खाने का डब्बा और लगभग 8 लाख 23 हजार रुपए रखे हुए थे। जब रवि ने पैसों को देखा तो उसका ईमानदारी का ग्राफ नहीं गिरा और वह बैग लेकर बस अड्डे पहुंचा और फिर उसने सिहानी गेट थाना पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने रवि द्वारा दिए गए बैग को पीड़ित को सौंपने का काम किया।

### पुलिस ने भी थपथपाई रवि की ईमानदारी पर पीठ

**करंट क्राइम :** सिहानी गेट थाने में थाना प्रभारी सचिन कुमार, बस अड्डा चौकी प्रभारी प्रमोद, महिला सब इंस्पेक्टर और क्राइम की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के बाद जांच कर ही ऑटो में जो बैग छूटा था वह दिवाकर का होने की बात पुष्ठ की। फिर दिवाकर को ऑटो चालक रवि से ही बैग और रकम व सामान सुपुर्द कराया गया। वहीं ऑटो चालक रवि की ईमानदारी को देखकर सिहानी गेट पुलिस ने भी उसकी पीठ थपथपाई और ईमानदारी के लिए उसका थाने में ही स्वागत भी किया गया।

---

# हिंडन महोत्सव से उत्थान समिति देगी नदी जागरूकता का बड़ा संदेश

## समिति चेयरमैन सतेन्द्र सिंह ने कहा हमारा प्रयास नदियों के लिए जागरूक हो पूरा देश






करंट क्राइम
आमना-सामना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पर्यावरण के क्षेत्र में पहले से ही सकारात्मक तरीके से सतत काम कर रही संस्था उत्थान समिति हिंडन नदी को बचाने की मुहिम चला रही है। संस्था द्वारा हिंडन नदी के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के लिए हिंडन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ नदी समृद्ध भविष्य के स्लोगन के साथ हिंडन महोत्सव की शुरूआत हुई है। संस्था उत्थान समिति के चेयरमेन सतेन्द्र सिंह दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय आये। सतेन्द्र सिंह पहले से ही नदी संरक्षण क्षेत्र में काम कर रहे हैं। उन्हें कई पुरूस्कार मिल चुके हैं। वो गंगा कन्जरवेशन कमेटी के सदस्य भी हैं। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में संजय सिंह ने कई प्रमुख बातों को साझा किया। उन्होंने बताया कि यह पूरा महोत्सव नदी के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता पैदा करने के लिए हो रहा है। संस्था द्वारा नदी प्रदूषण को लेकर जनजागृति पैदा करने के लिए कॉटन बैग पेंटिग कम्पीटशन कराया जा रहा है। यह विभिन्न स्कूलों में 1 मार्च से लेकर 26 मार्च तक चलेगा। इसके अलावा हिंडन अराधना कार्यक्रम के तहत दिव्य योगा दीपोत्सव और आरती उत्सव का आयोजन भी 29 मार्च को होगा। सतेन्द्र सिंह ने बताया कि हिंडन महोत्सव में 5 अप्रैल को हिंडन मंथन का आयोजन होगा।

यह आयोजन घंटाघर रामलीला मैदान के जानकी भवन में होगा। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने बताया कि नमामी हरनंन्दे कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसके सुप्रसिद्ध नृतांगना डॉ समीक्षा हिंडन नदी पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगी। यह कार्यक्रम 12 अप्रैल को होगा। हिंदी भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गीतकार आलोक श्रीवास्तव भी आलोकनामा कार्यक्रम के जरिए गीतों को प्रस्तुत करेंगे। संस्था के चेयरमैन सतेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारा यह पूरा प्रयास हिंडन नदी को प्रदूषण से मुक्त कराने का है और हमारी ये कोशिश है कि हम जनजागरूकता के जरिए इस दिशा में आगे बढ़े।

हम सभी स्कूलों में कम्प्टीशन करवा रहे हैं। जिसमें लगभग 450 सरकारी स्कूलों के बच्चे प्रतिभाग करेंगे और इसमें निजी स्कूलों के विद्यार्थी अलग से शामिल होगे। ये बच्चे रचनात्मका के जरिए प्रयास करेंगे। हमारा यही प्रयास होगा जब एक बच्चा किसी रचनात्मक कार्य से जुड़ता है तो उसके साथ उसके परिवार के सदस्य भी जुड़ते हैं और यहीं से एक चैन का निर्माण होता है जो नदी प्रदूषण को मुक्त कराने के लिए जरूरी है। हम वेस्ट टू वंडर कार्यक्रम के जरिए प्लास्टिक इस्तेमान न करने का व्यापक संदेश दे रहे हैं। सतेन्द्र सिंह ने एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि हमने अपने इस कार्यक्रम के जरिए हिंडन नदी के उद्गम स्थल से लेकर उद्भव स्थल तक ड्रोन सर्वे कराया है। हिंडन नदी के उद्गम स्थल सहारनपुर से लेकर उद्भव स्थित नोएडा यमुना तक ड्रोन के जरिए ये सर्वे हुआ है। इसने कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं को उठाया है। संस्था उत्थान समिति का ये हिंडन महोत्सव कार्यक्रम गाजियाबाद में चल रहा है।

संस्था के चेयरमैन सतेन्द्र सिंह ने सभी से ये अपील की है कि वो हिंडन नदी को प्रदूषण मुक्त कराने के लिए आगे आयें। सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी निभायें और नदी को प्रदूषण से पूरी तरह मुक्त करायें।



## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां गंभीर

विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि पिछले दस वर्षों में धरती के तापमान में असाधारण वृद्धि हुई है, जिससे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां गंभीर होती जा रही हैं। हालांकि, अभी भी समय है कि सही प्रयासों से हालात को सुधारा जा सके। विश्व मौसम संगठन की ताजा रिपोर्ट में यूं तो कोई ऐसी नई बात नहीं है, जिसके बारे में पहले से अंदाजा न रहा हो, लेकिन यह एक बार फिर याद दिलाती है कि जीव जगत खतरनाक भविष्य की ओर कितनी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दस साल इस धरती पर अब तक के सबसे गर्म रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियां बद से बदतर होती जा रही हैं।

बढ़ती गर्मी आम तौर पर माना जाता है कि इस ग्रह के निरंतर अधिकाधिक गर्म होते जाने का अहसास मानवीय चेतना के लिए एक नई बात है। लेकिन यूरोप और अमेरिका में वैज्ञानिकों ने 19वीं सदी के शुरूआती सालों में ही यह समझ लिया था कि मानवीय सभ्यता के केंद्र ज्यादा गर्मी पैदा कर रहे हैं। उनके ध्यान में यह बात आ चुकी थी कि आसपास के देहाती इलाकों के मुकाबले शहरों में गर्मी ज्यादा होती है।

मारक रूप गर्मी का मारक रूप भी तभी से दिखने लगा था। ऑस्ट्रेलिया में 1897 और लंदन में 1900 का साल गर्मी के लिहाज से खास माना गया था। कलकत्ता में 1905 में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया तो गर्मी के चलते कई यूरोपियंस की मौत भी दर्ज की गई थी। बाद के वर्षों में हालात लगातार गंभीर ही होते चले गए। 1962 से अब तक हिमालयी ग्लेशियरों का 30 फीसदी हिस्सा पिघल चुका है।

कमाई पर असर क्लाइमेट चेंज की वजह से हो रहे आर्थिक नुकसान भी कम गंभीर नहीं हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक 8 प्रमुख फसलों- मक्का, गेहूं, चावल, सोया, केला, आलू, कोको, कॉफी - की पैदावार पर इसका सीधा असर पड़ सकता है। यही नहीं, अगले 25 वर्षों में वैश्विक कमाई 19 फीसदी तक घटने की आशंका है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट इंपैक्ट रिसर्च के मुताबिक भारत में इन्हीं वजहों से कमाई में 25 फीसदी तक की गिरावट आ सकती है।

अब भी वक्त है चिंता की बात यह है कि क्लाइमेट चेंज को लेकर जिस तरह की गंभीरता हमारी सरकारों में दिखनी चाहिए, वह अब भी नहीं दिख रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप तो इन चिंताओं को सीधे तौर पर खारिज करते हैं। भारत सरकार ने जरूर इस पर गंभीरता दिखाई है। सबसे सकारात्मक बात यह है कि अभी भी अगर सही ढंग से प्रयास किए जाएं तो हालात सुधरने शुरू हो सकते हैं।

# घरेलू शेयर बाजार में पांचवें दिन भी हरियाली बरकरार

## सेंसेक्स-निफ्टी में एक फीसदी की तेजी

**नई दिल्ली।** बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को करीब एक फीसदी की तेजी देखी गई। ताजा विदेशी फंड प्रवाह और बैंक शेयरों में तेजी की वजह से बाजार में लगातार पांचवें दिन बढ़त दर्ज की गई। घरेलू शेयर बाजार में हरियाली बरकरार है। सेंसेक्स 557.45 अंक उछलकर 76,905.51 पर बंद हुआ। ऐसे ही निफ्टी भी 159.75 अंक बढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। इसके अलावा रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 37 पैसे बढ़कर 85.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

दरअसल, बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को करीब एक फीसदी की तेजी देखी गई। ताजा विदेशी फंड प्रवाह और बैंक शेयरों में तेजी की वजह से बाजार में लगातार पांचवें दिन बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 557.45 अंक या 0.73 फीसदी उछलकर 76,905.51 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 693.88 अंक या 0.90 फीसदी



बढ़कर 77,041.94 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई निफ्टी 159.75 अंक या 0.69 प्रतिशत चढ़कर 23,350.40 अंक पर पहुंच गया।

### किसे फायदा-किसे नुकसान

सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और जोमैटो फायदे में रहे। हालांकि, इंफोसिस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और बजाज फिनसर्व लुढ़क गए। एक्सचेंज डेटा के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,239.14 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इस तरह घरेलू बाजार ने लगातार सुधार के साथ सप्ताह का समापन किया।

### एशियाई और अमेरिकी बाजार का हाल

एशियाई बाजारों में सियोल सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुआ। टोक्यो, शंघाई और हॉन्गकॉन्ग में गिरावट दर्ज की गई। यूरोपीय बाजार नकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.21 प्रतिशत गिरकर 71.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### कल कैसा था बाजार का हाल

इससे पहले गुरुवार को बीएसई बेंचमार्क 899.01 अंक या 1.19 फीसदी उछलकर 76,348.06 पर बंद हुआ था। इस तरह से सेंसेक्स ने 76,000 के स्तर को फिर से हासिल कर लिया था। ऐसे ही निफ्टी 283.05 अंक या 1.24 फीसदी बढ़कर 23,000 अंक को हासिल करने में कामयाब रहा था और 23,190.65 अंक पर बंद हुआ था।

# तेल और गैस कंपनियों को विंडफॉल टैक्स से राहत

## नए कानून में नहीं लगेगा अप्रत्याशित कर लाभ



**नई दिल्ली।** नए कानून के लागू होने के बाद तेल और गैस कंपनियों को अप्रत्याशित लाभ (विंडफॉल टैक्स) कर जैसे किसी भी नए कर का सामना नहीं करना पड़ेगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, नए विधेयक के पारित होने के बाद इस तरह का कर लगाना कठिन हो जाएगा, क्योंकि कोई न कोई हम पर मुकदमा कर देगा। उन्होंने कहा कि तेल और गैस की खोज और उत्पादन में निवेश करने के इच्छुक निवेशक राजकोषीय स्थिरता चाहते हैं। नए कर, जो दरें कम होने पर कम या शून्य मार्जिन की भरपाई किए बिना, ऊंची कीमतों पर अर्जित लाभ को छीनने का प्रयास करते हैं, अक्सर बाधक होते हैं।

### 2022 में लगाया गया था अप्रत्याशित लाभ कर

भारत ने एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया और वह उन देशों की सूची में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं। पिछले दो सप्ताह में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती थी। पिछले साल दिसंबर में 30 महीने बाद इस कर को खत्म कर दिया गया था। पुरी ने कहा कि वैश्विक तेल कंपनियां भारत में निवेश की संभावना तलाश रही हैं।

### ओएनजीसी बड़ी कंपनियों से कर रही बातचीत

साथ ही ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) गहरे पानी की खोज में सहयोग के लिए एक्सॉनमोबिल और इक्विनोर जैसी बड़ी कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है।

# देश में 2028 तक होंगे 77 करोड़ 5 जी उपभोक्ता

## हर माह औसतन 40 जीबी डाटा इस्तेमाल कर रहे लोग

**नई दिल्ली।** देश में अगले तीन साल में यानी 2028 तक 5जी उपभोक्ताओं की संख्या 2.65 गुना बढ़कर करीब 77 करोड़ पहुंच जाएगी। अभी इनकी संख्या 29 करोड़ है। नोकिया की सालाना मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में पूरे भारत में 5जी डाटा के इस्तेमाल में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। दिसंबर, 2024 में प्रति ग्राहक औसत मासिक 5जी डाटा खपत बढ़कर 40 जीबी पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 4जी और 5जी डाटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 फीसदी की सालाना वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी पहुंच गई।



### इसलिए बढ़ रही डाटा खपत

रिपोर्ट के मुताबिक, 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) के निरंतर बढ़ने से डाटा खपत में वृद्धि हो रही है। एफडब्ल्यूए ग्राहक अब औसत यूजर्स की तुलना में 12 गुना अधिक डाटा का उपभोग कर रहे हैं। यह बदलाव आवासीय और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में नई सेवाओं के कारण हो रहा है।

### बदले जाने वाले 90 फीसदी फोन 5जी होंगे

भारत में 5जी उपकरण परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। सक्रिय 5जी उपकरणों की संख्या दोगुनी होकर 2024 में 27.1 करोड़ तक पहुंच गई। 2025 में जितने पुराने स्मार्टफोन बदले जाएंगे, उनमें 90 फीसदी 5जी होंगे। 5जी एडवांस्ड की क्षमताएं 6जी में बदलाव के लिए आधार का काम करेंगी।

### 4जी डाटा की खपत में लगातार गिरावट

देशभर में 2026 की पहली तिमाही तक 4जी की तुलना में 5जी डाटा की मासिक खपत अधिक होगी। इस वृद्धि का नेतृत्व कैटेगरी बी और सी सर्किल्स कर रहे हैं। इन सर्किल्स में खपत क्रमशः 3.4 गुना और 3.2 गुना बढ़ी है। मेट्रो सर्किलों में 5जी डाटा उपयोग अब कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड डाटा का 43 फीसदी है, जो 2023 में 20 फीसदी था। 4जी डाटा का इस्तेमाल लगातार घट रहा है।

# बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में मिल सकती है राहत

**नई दिल्ली।** जीवन और स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम पर जीएसटी में राहत मिल सकती है। बीमा नियामक भारतीय बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण (इरडा) ने इस तरह की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट सौंपी है। मंत्रियों के समूह की बैठक अप्रैल में होने की संभावना है, जिसमें सिफारिशों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, मंत्री समूह के चर्चा के बाद जीएसटी परिषद मई में होने वाली बैठक में प्रस्तावों पर विचार कर सकती है। अधिकारी ने कहा, इरडा बीमा प्रीमियम भुगतान पर जीएसटी में राहत देने पर सहमत है। बीमा क्षेत्र को जीएसटी के मोर्चे पर राहत देने पर राज्यों



में आम सहमति थी, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया क्योंकि इरडा ने कोई सिफारिश नहीं की थी। फिलहाल, बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है।

# जोमैटो के इटरनल लिमिटेड नाम को सरकार ने दी मंजूरी

जोमैटो के इटरनल लिमिटेड नाम को सरकार ने दी मंजूरी खाने पीने और किराना सामान की आपूर्ति करने वाली कंपनी जोमैटो ने अपना नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड रखा है।

### बीएमडब्ल्यू व रेनॉ भी तीन फीसदी तक बढ़ाएंगी कारों के दाम

बढ़ती इनपुट लागत के कारण बीएमडब्ल्यू और रेनॉ इंडिया भी अप्रैल से सभी मॉडल की कारों की कीमतें तीन फीसदी तक बढ़ाएंगी। बीएमडब्ल्यू ने कहा, वह मिनी सहित सभी मॉडलों के दाम बढ़ाएगी। कंपन ने जनवरी में भी कीमत वृद्धि की थी। बीएमडब्ल्यू और रेनॉ ने कहा, बढ़ती इनपुट लागत के कारण उनके मार्जिन पर असर पड़ रहा है। इसलिए, दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। मारुति, ह्युंडई और टाटा मोटर्स भी अप्रैल से कीमत बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं।

### चालू वित्त वर्ष में 6.7 फीसदी रहेगी वृद्धि दर

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारतीय जीडीपी 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह एशिया प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। देश में मौजूद कंपनियों को बढ़ती जीडीपी, उपभोक्ता खर्च में वृद्धि और अच्छे बुनियादी ढांचे से भी लाभ होगा।

# भारत का कोयला उत्पादन एक अरब टन पार

**नई दिल्ली।** कोयले का उपयोग मुख्य रूप से बिजली उत्पादन के साथ-साथ कई उद्योगों में ईंधन के रूप में किया जाता है। यह विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए मुख्य ऊर्जा स्रोत है। भारत ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) में 99.783 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, चालू वित्त वर्ष में एक अरब टन कोयला उत्पादन भारत के लिए गर्व का क्षण। उन्होंने कहा कि एक अरब टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक वृद्धि और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मोदी ने कहा कि यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की लगन और कड़ी मेहनत को भी दशार्ती है। प्रधानमंत्री ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के सोशल मीडिया पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए यह बात की। रेड्डी ने ही इस उपलब्धि की घोषणा करते हुए लिखा कि यह उपलब्धि हमारी बढ़ती हुई बिजली मांग को पूरा करेगी, आर्थिक वृद्धि को गति देगी तथा प्रत्येक भारतीय के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करेगी। कोयला मंत्रालय की कार्ययोजना वित्त वर्ष 2024-25 के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के लिए कोयला उत्पादन/उठान लक्ष्य 108 करोड़ टन है।



## रोचक तथ्यों का करंट

- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।

## राशिफल

**मेष:** मेष राशि वाले जातकों की बात करे तो दिन आपका अच्छा रहेगा। व्यापारी जातक व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को दोबारा से शुरू करने में बिजी रहेंगे।

**वृष:** वृषभ राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका बढ़िया रहने वाला है। आपकी मुलाकात अपने पुराने दोस्त से होगी।

**मिथुन:** मिथुन राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क:** कर्क राशि वाले की बात करें तो दिन आपका अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे जातक व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए नए तरीकों को अपनाएंगे।

**सिंह:** सिंह राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका बढ़िया रहने वाला है। जो लोग किसी पुरानी बीमारी से परेशान चल रहे थे, अब उन्हें आराम महसूस होगा।

**कन्या:** कन्या राशि वाले जातकों के लिए दिन सुखद रहने वाला है। आप व्यापार को मजबूती देने के लिए कोई अहम कदम उठा सकते हैं।

**तुला:** तुला राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका और दिनों के मुकाबले बेहतर रहने वाला है। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए मित्रों की सहायता लेंगे।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन अच्छा रहने वाला है। आप नौकरी में दिए गए कामों को समय पर पूरा करेंगे, कार्यों की तारीफ होगी।

**धनु:** धनु राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में स्थान परिवर्तन देखने को मिलेगा।

**मकर:** मकर राशि वाले जातकों की बात करें तो दिन आपका मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कल आपको कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** कुंभ राशि वाले जातकों की बात करें तो कल के दिन आपको भाग्य का साथ मिलेगा। सभी जगह से कुछ ना कुछ शुभ समाचार सुनने को प्राप्त होगा।

**मीन:** मीन राशि वालों की बात करें तो दिन मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में या कारोबार में आपकी कोई लापरवाही आर्थिक नुकसान करा सकती हैं।

## चुटकुले

लड़का- मैं उस लड़की से शादी करुंगा,
जो मेहनती हो,
सादगी से रहती हो,
घर को संवारकर रखती हो,
आज्ञाकारी हो।
प्रेमिका- मेरे घर आ जाना,
ये सारे गुण मेरी नौकरानी में हैं। अभी उसको तेरा नंबर देती रुक।

---

गर्लफ्रेंड- तुमको मेरी याद आती है तो क्या करते हो?
बॉयफ्रेंड- तुम्हारी पसंद की चॉकलेट खा लेता हूं...
अच्छा बताओ जब मेरी याद आती है तो तुम क्या करती हो।
गर्लफ्रेंड- कुछ नहीं...मैं भी गुटखा खा लेती हूं।

---

मरीज- डॉक्टर में हर बात तुरंत भूल जाता हूं? कोई दवाई दीजिए !
डॉक्टर -एक काम करो, पहले आप मुझे फीस दे दो, कहीं तुम दवाई लेने के बाद मेरी फीस भी भूल गए तो।

## 22 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



ध्वनि भानुशाली (गायिका)



वंशिका शर्मा | श्रेयांश शर्मा | दीपिका राजपूत | तेजेंद्र पाल त्यागी



प्रशांत आजाद | अविनाश शर्मा | दीपक तोमर | विकास लखानी | अरूण कुमार | विशाल त्यागी



सुजान सिंह | संजू सिंह | लवी दहिया | नितिन मिश्रा | जाहिद इदरीसी | विजय गर्ग

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## शंकर सुब्रमण्यम ने किया बड़ा उलटफेर

# विश्व नंबर दो एंटोनसेन को हराकर किया बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफेर का शिकार बनाकर योनेक्स स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनार्मेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और मौजूदा समय में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यन ने अपने शानदार डिफेंस और प्रभावशाली स्मैश का कमाल दिखाते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया।

तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यन के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यन टूनामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी में गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वदार्नी से 17-21, 19-21 से हार गईं। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सुब्रमण्यन ने एंटोनसेन के खिलाफ सटीक खेल दिखाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी का अपने शॉट पर नियंत्रण नहीं था। शुरूआती गेम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बढ़त बार-बार बदलती रही।

ब्रेक के समय एंटोनसेन केवल एक अंक की बढ़त बना सके। बाएं हाथ से खेलने वाले सुब्रमण्यन ने स्कोर 16-14 कर दिया, लेकिन दबाव बरकरार नहीं रख सके और एंटोनसेन ने पहला गेम अपने नाम कर लिया।

# क्रोएशिया ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया, पनामा ने अमेरिका को बाहर किया



**क्रोएशिया।** क्रोएशिया ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में उलटफेर करते हुए 2022 विश्व कप की उपविजेता टीम फ्रांस को क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 2-0 से हरा दिया। क्रोएशिया की टीम ने शानदार डिफेंस दिखाया और किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाने में कामयाब रही।

एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया।

एम्बाप्पे ने पहले हाफ में कई बार डोमिनिक लिवाकोविच की परीक्षा ली लेकिन क्रोएशिया के गोलकीपर ने कुछ अच्छे बचाव करके उनके प्रयासों को विफल कर दिया। यह छह सितंबर को इटली से 3-1 की हार के बाद पहला अवसर था जबकि एम्बाप्पे फ्रांस की तरफ से खेल रहे थे। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।

### पनामा ने गत चैंपियन अमेरिका को हराया

वहीं, सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने मैच के बाद खुशी जाहिर की। पनामा फाइनल में कनाडा या मेक्सिको का सामना करेगा।

# प्रणति नायक का एफबाईजी विश्व कप में शानदार प्रदर्शन, वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालिफाई किया



**नई दिल्ली।** भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप के क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। वह जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं।

प्रणति के कोच अशोक कुमार मिश्रा ने कहा, 'प्रणति ने क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया और अगर वह फाइनल में इससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो पदक जीत सकती है।' प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्वकप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2019 (उलानबटोर) और 2022 (दोहा) में एशियाई चैंपियनशिप में वॉल्ट में कांस्य पदक जीते थे।

## हसन नवाज के शतक से जीता पाकिस्तान

# तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को 9 विकेट से हराया, सीरीज में 1-2 से वापसी की



**ऑकलैंड।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में वापसी की है। टीम ने तीसरे मुकाबले में कीवियों को 9 विकेट से हराया। इस जीत के बाद सीरीज का स्कोर 2-1 हो गया है। न्यूजीलैंड ने शुरूआती दो मुकाबले जीतकर 2-0 की बढ़त हासिल की थी।

ऑकलैंड में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया और न्यूजीलैंड को 19.5 ओवर में 204 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 205 रन का टारगेट 16 ओवर में एक विकेट पर हासिल कर लिया। पाकिस्तानी ओपनर हसन नवाज ने नाबाद 105 रनों की पारी खेली। जबकि कप्तान आगा सलमान ने नाबाद 51 रन बनाए।

कीवियों की खराब शुरूआत, पावरप्ले में ओपनर्स पवेलियन लौट टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत खराब रही। टीम ने पावरप्ले के अंदर ओपनर्स के विकेट गंवाए दिए थे। फिन एलेन 3 रन के टीम स्कोर पर शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। वे खाता भी नहीं खोल सके। टिम साईफर्ट भी 19 रन बनाकर आउट हुए।

43 रन पर ओपनर्स के आउट होने के बाद मार्क चैपमैन मोर्चा संभाला। उन्होंने 44 बॉल पर 94 रनों की पारी खेली। इस पारी में 11 चौके और 4 छक्के शामिल रहे।

# 4 अप्रैल से शुरू होगा अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट टूनार्मेंट



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंतर जिला अंडर-16 टूनामेंट चार अप्रैल से करवाया जाएगा। इसके लिए एचपीसीए की ओर से प्रदेश के 12 जिलों की टीमों के तीन पूल बनाए गए हैं। इसमें हर पूल में चार टीमों को रखा गया है। पूल-ए में हमीरपुर, कुल्लू, सिरमौर और चंबा को जगह दी गई। पूल-बी में कांगड़ा, सोलन, मंडी और लाहौल-स्पीति को रखा गया है। इसके अलावा पूल-सी में शिमला, बिलासपुर, ऊना और किन्नौर को रखा गया है। पूल-ए के लीग मुकाबले ऊना, पूल-बी के मुकाबले अमत्तर और पूल-सी के बिलासपुर मैदान में होंगे। ग्रुप में टॉप दो स्थानों पर रहने वाली टीमों को क्वार्टर फाइनल में जगह मिलेगी।

इसके अलावा बाकी छह टीमों में अधिक अंक लेने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जाएंगी। प्रतियोगिता में चार से 26 अप्रैल तक लीग मुकाबले खेल जाएंगे। इसके बाद 20 से 30 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल मुकाबले और दो से 4 मई को सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। 6 से 9 मई को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि चार अप्रैल से अंतर जिला अंडर-16 टूनार्मेंट होगा। तीन पूल बनाए गए हैं। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 2 से 4 मई को होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 6 से 8 मई को होगा। विश्व शीतकालीन स्पेशल ओलंपिक गेम्स-2025 पांच से 16 मार्च तक इटली के तुरिन में हुए। सोलन की प्रयास संस्था के अभिषेक ने अल्पाइन स्कीइंग में तीन सिल्वर पदक और गणपति संस्था की रिया ने फ्लोरबाल में एक ब्रांज पदक जीला। इन खेलों में हिमाचल प्रदेश ने 6 गोल्ड, 10 सिल्वर और 6 ब्रांज पदक हासिल किए। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। स्पेशल ओलंपिक हिमाचल प्रदेश की उपाध्यक्ष रशिमधर सूद और सचिव राधिका कपूर ने बताया कि इसमें भारत से 49 सदस्य गए थे। प्रयास संस्था की संचालिका निर्मल ठाकुर और गणपति संस्था के रोशन शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए इस प्रदर्शन से प्रदेश का नाम रोशन हुआ है।

### हैंडबाल प्रतियोगिता के लिए चुनी प्रदेश की टीम

प्रदेश की जूनियर हैंडबाल पुरुष टीम की घोषणा कर दी गई है। यह टीम बिहार के जहानाबाद में 26 से 30 मार्च तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। हिमाचल प्रदेश हैंडबाल संघ के अध्यक्ष भरत साहनी और महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि गोलकीपर आर्यन हंस को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। ध्रुव को टीम का उप कप्तान बनाया गया है।

# बेहतर शुरूआत के लिए पंजाब किंग्स ने मुल्लांपुर स्टेडियम में करवाया हवन

## कप्तान और हैड कोच हुए शामिल



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स टीम ने बेहतरीन शुरूआत करने के लिए पीसीए मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में हवन पूजा करवाई। इस हवन पूजा में पंजाब किंग्स के हैड कोच रिकी पोंटिंग व टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भाग लिया।

पंजाब किंग्स टीम 25 मार्च को गुजरात टाइंटस के खिलाफ नरेंद्र मोदी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच खेलेगी। वीरवार को टीम ने रवाना होने से पहले हवन पूजा कर जीत की अर्चना की। पूजा में टीम के कोच के साथ कप्तान श्रेयस अय्यर और टीम के अन्य क्रिकेटर उपस्थित थे।

इससे पहले पंजाब क्रिकेट एसोसिशन के पीसीए स्टेडियम मोहाली में खेले गए आईपीएल मैचों से पहले पंजाब किंग्स टीम की सह मालकिन प्रीति जिंटा हर वर्ष हवन पूजा करवाती आ रही है। लेकिन इस वर्ष पीसीए के न्यू मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में प्रीति जिंटा नही पंहुच सकी और टीम के हेड कोच द्वारा हवन पूजा में भाग लिया। उनके साथ टीम के सीईओ सतीश मेनन भी मौजूद रहे।

### पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों से मिलने पहुंचे स्पेशल बच्चे

इन दिनों आईपीएल 2025 के मैचों की पूरी तैयारियां चल रही हैं। मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में इस बार 4 मुकाबले खेले जाने हैं। यहां पर पहला मुकाबला पांच अप्रैल को मेजबान पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमों के बीच खेला जाना है। इन मुकाबलों को लेकर पंजाब किंग्स इन दिनों मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास सत्र में हिस्सा ले रही है।

> प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों से मिलने के लिए चंडीगढ़ स्पाइनल रिहैब सेंटर, सोरेम सेक्टर 36 और स्माइलिंग डैंडेलियन फाउंडेशन से जुड़े बच्चों और वयस्कों सहित दिव्यांग व्यक्ति पहुंचे।

प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों से मिलने के लिए चंडीगढ़ स्पाइनल रिहैब सेंटर, सोरेम सेक्टर 36 और स्माइलिंग डैंडेलियन फाउंडेशन से जुड़े बच्चों और वयस्कों सहित दिव्यांग व्यक्ति पहुंचे। इन्होंने पंजाब किंग्स को करीब से प्रशिक्षण लेते हुए देखने का मौका मिला। पंजाब किंग्स टीम के हेड कोच रिकी पोंटिंग, कप्तान श्रेयस अय्यर, ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन से बातचीत करने का भी मौका भी मिला।

इस मौके पर उन्होंने तस्वीरें लीं, सुपरस्टार्स से ऑटोग्राफ लिए। अपने स्टार खिलाड़ियों के साथ इतने पास से बातचीत करना और उनसे मिलने का उत्साह इन स्पेशल बच्चों के चेहरों से साफ झलक रहा था।

# 2028 ओलंपिक से पहले आपके साथ काम करने को लेकर तत्पर

## आईओसी की नई अध्यक्ष कोवेंट्री से बोले जय शाह



कोवेंट्री को गुरुवार को आईओसी का 10वां अध्यक्ष चुना गया। वह ग्रीस के कोस्टा नवारिनो में 144वें आईओसी सत्र में संगठन के इतिहास में यह पद पाने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी भी हैं।

**नई दिल्ली।** आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने गुरुवार को किस्ट्री कोवेंट्री को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और कहा कि वह 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से पहले जिम्बाब्वे की पूर्व खेल मंत्री के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। क्रिकेट भी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का हिस्सा होगा। क्रिकेट 128 साल बाद ओलंपिक में वापसी करेगा। शाह आईओसी के वार्षिक सत्र में भाग लेने पहुंचे थे, जहां अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए।

जय शाह ने एक्स पर लिखा, 'नव-निर्वाचित आईओसी अध्यक्ष किस्ट्री कोवेंट्री को बधाई और शुभकामनाएं। यह एक ऐसा सम्मान है जिसकी आप हकदार हैं। मैं आईसीसी में आपकी मेजबानी करने के बाद ग्रीस में आपको शुभकामना संदेश देने के लिए मौजूद होने के लिए आभारी हूं। मैं लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल करने के लिए और उसके बाद भी आपके और आपकी टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।' कोवेंट्री को गुरुवार को आईओसी का 10वां अध्यक्ष चुना गया। वह ग्रीस के कोस्टा नवारिनो में 144वें आईओसी सत्र में संगठन के इतिहास में यह पद पाने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी भी हैं। उन्होंने विश्व एथलेटिक्स के प्रमुख सेबेस्टियन को और स्पेनिश खेल प्रशासक जुआन एंटोनियो समरंच जैसे अन्य लोगों को पीछे छोड़ दिया। कोवेंट्री को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के खेल देखने के लिए आमंत्रित किया गया था और चार मार्च को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सेमीफाइनल मैच के दौरान वह मौजूद थीं। जिम्बाब्वे की 41 वर्षीय खेल मंत्री कोवेंट्री 131 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक का पसंदीदा भी माना जाता है। सभी उम्मीदवार और उनके मतदाता क्हउ सदस्यों के अनन्य और आमंत्रित क्लब में हैं, जिनकी संख्या वर्तमान में 109 है। कोवेंट्री 23 जून को पदभार ग्रहण करेंगी।

# राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत ने लगाई बोली, 2010 में आखिरी बार हुआ था देश में आयोजन



**नई दिल्ली।** भारत ने 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली पेश की है। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी दिखाने से संबंधित दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च थी।

### आईओए और गुजरात ने लगाई बोली

सूत्र ने बताया कि भारतीय ओलंपिक संघ ने मेजबानी के लिए जरूरी दस्तावेज कुछ दिन पहले भेजे हैं। सूत्र ने कहा- 'हां, यह सच है, भारत की बोली आईओए और गुजरात राज्य द्वारा प्रस्तुत की गई है।' बता दें कि, अगर भारत की बोली स्वीकार कर ली जाती है और देश को मेजबानी मिलती है तो इसका आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में होगा।

### 2010 में की थी सीडब्लूजी की मेजबानी

हाल ही में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा था कि देश खेलों की मेजबानी करने में रुचि रखता है। भारत ने अंतिम बार 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की थी और देश का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का भी है।

## आशुतोष से लेकर शशांक और विल जैक्स तक

# पिछले साल कमाल करने वाले ये खिलाड़ी अब किस टीम में



**मुंबई।** आईपीएल 2025 का आगाज शनिवार से होने जा रहा है। इस साल कई ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन पर फैंस की नजरें होंगी। इन खिलाड़ियों ने पिछले साल शानदार प्रदर्शन किया था और राष्ट्रीय टीम के लिए दरवाजा खटखटा रहे हैं। इनसे इस साल भी वैसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। हालांकि, इनमें से कई खिलाड़ी 2024 वाली टीम से खेलते नहीं दिखेंगे, क्योंकि मेगा ऑक्शन में इन पर दूसरी टीमों ने बड़ी बोली लगाई।

### आशुतोष शर्मा

इस विस्फोटक ऑलराउंडर को पिछले साल टूनार्मेंट में देर से खेलने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से फैंस का दिल जीत लिया। पिछले साल आशुतोष पंजाब के लिए खेलते दिखे थे। कुछ मैचों में तो इन्होंने ऐसी बल्लेबाजी की थी कि विपक्षी के जबड़े से जीत छीन ली थी और अकेले दम पर मैच जिताया था। आईपीएल 2024 में आशुतोष ने नौ पारियों में 167.25 के शानदार स्ट्राइक रेट से 189 रन बनाए थे। इस बार आशुतोष पंजाब नहीं, बल्कि दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते दिखेंगे।

### नीतीश रेड्डी

नीतीश रेड्डी के लिए आईपीएल 2024 किसी सपने जैसा साबित हुआ। नीतीश ने पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 11 पारियों में 33.66 की औसत और 142.92 के स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए थे। इनमें दो अर्धशतक शामिल हैं। नीतीश ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की थी और खूब चौके-छक्के जड़े थे।

### शशांक सिंह

आईपीएल 2024 में शशांक ने इसका जवाब अपने बल्ले से दिया और पंजाब किंग्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 14 पारियों में 44.25 की औसत और 164.65 के स्ट्राइक रेट से 354 रन बनाए थे। इनमें दो अर्धशतक शामिल है। 2025 के लिए पंजाब ने उन्हें रिटेन किया और इस साल वह फिर से एक नई टीम के साथ पंजाब को खिताब जिताने की कोशिश करेंगे।

### विल जैक्स

इंग्लैंड का यह स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा था। जैक्स ने पिछले साल आठ पारियों में 32.85 की औसत और 175.57 के स्ट्राइक रेट से 230 रन बनाए थे। इनमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। इस साल जैक्स पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा हैं और उनका कमाल चला तो वह पलटन को एक और खिताब दिला सकते हैं।

### जेक फ्रेजर मैकगर्क

ऑस्ट्रेलिया का यह विस्फोटक ओपनर पिछले साल की तरह इस साल भी कमाल दिखाने को बेताब होगा। 22 साल के मैकगर्क पिछले साल पहली बार इस लीग में खेले थे और अपने प्रदर्शन से फैंस का दिल जीत लिया था। उन्होंने कई विस्फोटक पारियां खेलीं और बुमराह से लेकर दुनियाभर के कई स्टार गेंदबाजों को परेशान कर दिया था। इस बल्लेबाज में पावर हीटिंग की गजब क्षमता है। पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स के लिए उन्होंने नौ मैचों में 36.67 की औसत और 234 के तूफानी स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए थे। इनमें चार अर्धशतक शामिल हैं। ज्यादातर मैच में उनका स्ट्राइक रेट 200 से ऊपर का रहा था।

# हरियाणा-पंजाब के ओलिंपियन हॉकी प्लेयर्स ने शादी की

**जालंधर।** हरियाणा और पंजाब के 2 हॉकी ओलिंपियन शादी के बंधन में बंध गए हैं। हिसार की रहने वाली वुमन हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता दूहन और जालंधर के रहने वाले हॉकी टीम के स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने शुक्रवार सुबह जालंधर के मॉडल टाउन स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में लावां (फेरे) लिए। इस दौरान दोनों के परिवार और भारतीय हॉकी टीम के कई खिलाड़ी मौजूद रहे। दोनों की शादी सिख रीति-रिवाज से हुई। एक दिन पहले मनदीप सिंह के घर पर प्री-वेडिंग फंक्शन हुआ। दोनों ने हरियाणवी पहनावे और हॉकी ड्रेस में फोटो क्लिक कराईं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नरेश कुमार जैन पुत्र श्री नानक चंद जैन निवासी म०नं०-101, सै०-5, चिरंजीव विहार, गाजियाबाद उ०प्र०-201002 शपथकर्ता शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड व सभी दस्तावेजों में नाम नरेश कुमार जैन है, जो सही है। मेरे बच्चों व पत्नी के सभी दस्तावेजों पर मेरा नाम नरेश जैन है। नरेश कुमार जैन और नरेश जैन दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं जो मेरे ही हैं। भविष्य में दोनों नाम मान्य होंगे।

# बौद्ध समाज ने उठाई स्वयत्तता की मांग, उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बौद्ध समाज के लोगों ने बहुजन सशक्तिकरण बहुजन संघ के बैनर तले, महाबोधि महाबिहार (बौद्ध गया) भारत व विश्व के बौद्ध धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र (गया बिहार) के बुद्ध पूजा उपासना स्थल पर लागू अनुचित बीटी अधिनियम 1949 को रद्द कर बौद्ध धर्म के अनुयाइयों को स्वायत्तता दिए जाने के सम्बंध में ज्ञापन पत्र, महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री तीनों के नाम तहसील ने



धरना प्रदर्शन के दौरान उपजिलाधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता को ज्ञापन सौपा। यहां उल्लेखनीय है कि वर्तमान में महाबोधि मंदिर का प्रबंध 1949 में बने बीटीएमसी एक्ट के अधीन किया जा रहा है, जिससे महाबोधि मंदिर पर बौद्धों का पूर्णता नियंत्रण नहीं है। इससे बौद्ध समाज बेहद नाराजगी व्यक्त करता है। ज्ञापन में मांग की गई है कि महाबोधि विहार को पूर्णतया बौद्ध समुदाय को सौंपा जाए।

## महिला रहस्यमय ढंग से लापता, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक महिला रहस्यमय ढंग से गायब हो गयी। परिजनो ने महिला की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नही लगा।

पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। विश्वकर्मा बस्ती निवासी अक्षत ने पुलिस से दी शिकायत में बताया है कि उसकी माँ ममता (48) बुधवार की सांय घर से अचानक निकल गयी। फिर देर रात तक वापिस नही लौटी।

काफी तलाशने के बाद भी उसका कोई सुराग नही लग सका। पुलिस प्रथम दृष्टया गुमशुदगी दर्ज करने के बाद मामले में घेरलू कलह मानकर जांच कर रही हैं।

## दो आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दो दिन पहले गौवंश से भरे मिनी ट्रक को रोककर हिंदू संगठनो की ओर से किये गये हंगामे के बाद पुलिस की ओर से ही दो आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया हैं। प्रयुक्त वाहन को पुलिस ने सीज कर दिया हैं। लेकिन हिंदू संगठनो की ओर से आरोपियों पर गौवंश को अवैध तरीके से ले जाकर बेचे जाने व साक्ष्य छिपाकर गौकशी किये जाने के आरोपो पर पुलिस जांच में कहा गया है कि गौवंश के इस प्रकरण में मौजूदा भीड़ में से आरोपियो के खिलाफ किसी ने




भी गवाही देने से मना कर दिया।

बता दें कि मोदीनगर सर्किल में गौवंश के आधा दर्जन से अधिक मामलों को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ हिंदू संगठन कई बार मुखर हो चुका है। पुलिस ने इस दौरान मुठभेंड के दौरान भी कई गौतस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं।

हिंदू संगठनो से जुडे विक्रम सोनी, बजरंग दल के मधुर नेहरा, नीरज शर्मा आदि ने गौतस्करी मामले में कई बार पुलिस की खामियों को लेकर हापुड रोड, निवाडी रोड सहित कई गांवो में गौंवश मिलने पर सडक पर उतरकर आक्रोश दिखाया ओर पुलिस की ओर से की गयी कार्यवाही को लेकर भी नाराजगी जाहिर की।

## रुपयों का तगादा करने पर दबंगों ने रॉड मारकर युवक को किया घायल

### पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक को रात्रि में अपने रूपयों का तगादा करना महंगा पड़ गया। गुस्साये पिता पुत्र ने युवक को लात घूंसो से तो पीटा ही, साथ ही उसके सिर पर लोहे की राड़ से वार कर लहूलुहान कर दिया, और जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। घायल युवक मेरठ के अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। गांव बेगमाबाद निवासी रियाज की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घायल सहराज का मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा है। आरोपी फरार हैं, पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी हैं।

## मासूम की हत्या में सौतेली मां और उसका प्रेमी दोषी

### कोर्ट ने दोनों को सुनाई उम्रकैद, 25-25 हजार का लगाया जुमार्ना

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के बहादुरगढ़ में एक सौतेली मां और उसके प्रेमी को 5 वर्षीय मासूम की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की त्वरित न्यायालय प्रथम ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। गांव पसवाड़ा में रहने वाले फकरू ने पहली पत्नी की मृत्यु के बाद पिलखुवा की शबाना से निकाह किया था। फकरू डासना में मजदूरी करता था। कम कमाई के कारण पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। 20 फरवरी 2020 को फकरू के काम पर जाने के बाद शबाना ने अपने प्रेमी नसीर के साथ मिलकर सौतेले बेटे मारूफ की गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों ने शव को लोहे के बक्से में छिपा दिया और कमरे में ताला लगा दिया। जब मारूफ का कहीं पता नहीं चला तो ग्रामीणों ने शबाना से




चाबी लेकर कमरा खोला। वहां रखे संदूक में मारूफ का शव मिला। जांच में पता चला कि इससे पहले शबाना ने फकरू की पहली पत्नी के बच्चे को भी जहर देकर मारने का प्रयास किया था। बहादुरगढ़ पुलिस ने शबाना और बुलंदशहर के कस्बा खानपुर निवासी नसीर को गिरफ्तार किया। न्यायाधीश मिताली गोविंद राव ने दोनों को हत्या का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## छात्र की जेब में रखा मोबाइल फटा, जांघ पर लगी चोट



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ0 केएनएमआईटी कॉलेज में पढ़ने वाले बीसीए के छात्र का प्रतिष्ठित कंपनी का मोबाइल फोन फट गया। जेब में रखे मोबाइल के ब्लास्ट होने पर उसके सीधे पैर की जाँघ में चोट आई हैं। गनीमत रही कि ओवरहीट होने पर उसने फोन को सड़क पर फेंक दिया। इससे वह घायल होने से बाल-बाल बच गया। छात्र ने बताया कि उसने छः माह पूर्व की प्रतिष्ठित कंपनी का फोन मोदीनगर की एक शॉप से खरीदा था, छात्र खरीदे गये मोबाइल फोन की रसीद लेकर थाने पहुंचा ओर पुलिस से शिकायत की। थाना प्रभारी प्रशांत त्यागी ने उक्त मामले की जांच सौंपी हैं।

## रेबीज से महिला की मौत

### पागल कुत्ते ने गाय को काटा, जिसका दूध पीने से महिला हुई थी संक्रमित



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के जेवर से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां के थोरा गांव में एक महिला की रेबीज से मौत हो गई। चौंकाने वाली बात ये रही कि महिला ने गाय का दूध पिया था। इस गाय को कुछ दिन पहले पागल कुत्ते ने काटा था। जिससे ये गाय रेबीज से संक्रमित हो गई थी। गाय महिला के पड़ोसियों की थी। महिला का नाम सीमा (40) बताया जा रहा है। पशु चिकित्सक ने की गाय में रेबीज की पुष्टि गांव वालों ने बताया इस गाय ने दो महीने पहले एक बछड़े को जन्म दिया था। करीब डेढ़ महीने पहले गाय में रेबीज के लक्षण दिखे थे। जांच के बाद पशु चिकित्सक ने गाय में रेबीज की पुष्टि की थी। इसके बाद गाय के मालिक के परिवार ने रेबीज का टीका लगवा लिया था लेकिन सीमा ने टीका नहीं लगवाया। गांव वालों ने बताया सोमवार रात को सीमा को पानी और रोशनी से डर लगने लगा। उल्टी की शिकायत पर परिजन उसे अस्पताल ले गए। उसे कई अस्पतालों में इलाज के लिए भटकना पड़ा। पहले सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल भेजा गया। फिर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया लेकिन किसी भी अस्पताल ने रेबीज की जांच नहीं की। अंत में बसंतकुंज के एक अस्पताल ने रेबीज बताकर घर भेज दिया। गुरुवार को सीमा की मौत हो गई। सीमा के तीन बेटियां और एक बेटा है। उनकी मौत से परिवार टूट गया है। घटना के बाद गांव के दस लोगों ने सावधानी के तौर पर रेबीज का टीका लगवाया है।

## अलग-अलग मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, वहीं गांव सीकरीकला में पत्नी के साथ एक युवक ने मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। विजयनगर में रास्ते के विवाद को लेकर आशीष गौत्तम उर्फ प्रिंस का पडोस में रहने वाले इरफान से झगडा हो गया। झगडे के चलते आशीष ने इरफान के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी आशीष गौत्तम को गिरफ्तार कर लिया हैं। वहीं गांव सीकरीकला निवासी महिला अंजलि ने पुलिस से शिकायत की है कि उसका पति निशांत ने उसके साथ गाली गलौच व मारपीट की। पुलिस ने आरोपी पति निशांत को गिरफ्तार किया हैं।

## युवक ने कार स्टंट कर तेज स्पीड में दौड़ाई गाड़ी

### पुलिस ने 54 हजार 500 का काटा चालान



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में स्टंट करते हुए कार सवार का वीडियो वायरल हो रहा है। कार चालक बार बार बड़े ही रफ तरीके से चला रहा है और स्टंट कर रहा है। वहीं खड़ा उसका साथी वीडियो शूट कर रहा है। जिसके रील बनाकर अपलोड किया गया। एक्स पर लोगों ने वीडियो अपलोड पर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

पुलिस ने कार नंबर के आधार पर 54 हजार 500 रुपए का चालान किया। साथ ही कार और चालक दोनों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नोएडा का ये वीडियो सेक्टर-137 व सेक्टर-140 के आसपास का है। यहां कार को स्पोर्टस कार के रूप में तब्दील करके खतरनाक स्टंट किया जा रहा है। वीडियो 46 सेकेंड का है। जिसमें कार चालक कार को कई बार तेज रफ्तार स्केट करता है फिर बार बार उसे गोल गोल घुमा रहा है। हालांकि सड़क पर कोई और नहीं है। दूर कुछ गाड़ियां पार्क की गई है।

कार के शीशों पर ब्लैक फिल्म है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। कार नंबर के आधार पर ट्रैफिक पुलिस ने 54 हजार 500 रुपए का चालान किया। डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव ने लोगों से अपील की कि इस तरह से अपनी जान खतरे में नहीं डाले। स्टंट करना गलत है। ट्रैफिक नियमों का पालन करे। बहरहाल कार चालक और कार दोनों की तलाश की जा रही है। कार को सीज किया जाएगा।

## आरबीआई के रिटायर्ड अधिकारी से 3 करोड़ की ठगी

### 15 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा, फर्जी सीजेआई के सामने ऑनलाइन किया पेश

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा में आरबीआई के पूर्व अधिकारी और उनकी पत्नी को साइबर ठगों ने 15 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। बुजुर्ग दंपती को मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर 3 करोड़ रुपए ठग लिए। ठगों ने रिटायर्ड अधिकारी को ऑनलाइन फर्जी सीजेआई के सामने पेश किया। सीजेआई ने खाता सीज करने के आदेश दे दिए। 3 मार्च को ठगों ने सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश भेजा, जिसमें कहा गया था कि सभी फंड वैध हैं। 6 से 7 दिनों के भीतर मेरे पैसे वापस आ जाएंगे। रुपए वापस नहीं आने पर पीड़ित ने 19 मार्च को साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में कथित विजय खन्ना, राहुल



गुप्ता, विनय कुमार और आकाश कुलहरी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित बिराज कुमार सरकार ने बताया कि मैंने अपने करियर की शुरूआत आरबीआई से की। इसके बाद 31 साल तक दूसरे बैंक को भी सेवाएं दीं। मैं कैसे डिजिटल अरेस्ट हो गया। मुझे विश्वास नहीं हो रहा।

## स्वर्णकार समाज ने डॉ. अरुण त्यागी को दी बधाई



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** छाया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ0 अरुण त्यागी को खो-खो फेडेरेशन ऑफ इंडिया की चयन समिति के मुख्य पर्यवेक्षक बनने पर स्वर्णकार समाज मोदीनगर के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर डॉ0 अरुण त्यागी ने कहा कि समाज में खो-खो का कोई भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हो तो वह चयन में भरपूर सहायता करेंगे। वार्ता के दौरान उन्होंने खो-खो वर्ल्डकप में मिले प्रशस्ति पत्र को भी संगठन को दिखाया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के संरक्षक डॉ0 राम नारायण वर्मा, परमात्माशरण वर्मा, अध्यक्ष मोहित सोनी, संयोजक विष्णु वर्मा, मोंटी वर्मा, संगठन मंत्री तरुण सोनी व सर्वेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।




## खास चौकी को मिल गया राइट फेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आखिरकार टू-स्टारों की वर्किंग और सर्चिंग के बाद कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद सिटी जोन में 19 टू-स्टार वाली लिस्ट आ ही गई है। इस लिस्ट में जहां सिटी की खास चौकी के लिए राइट फेस मिल गया है। तो वहीं कई अन्य को रिप्लेस किया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी है की लिस्ट में जिस टू-स्टार का नाम नंबर वन पर है, उसे चौकी भी नंबर वन वाली ही मिली है। वैसे बताया जा रहा है यह अब हल्का हो गया है, पर इसका भारीपन पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन में किसी से छुपा नहीं है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले जोन में एक चौकी प्रभारी को थाने से अटैच कर दिया गया है। गनीमत है कि उनका थाना क्षेत्र नहीं बदला गया। तो वहीं कई अन्य चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से लिस्ट को लेकर तैयारी की गई थी, उसकी चर्चा कमिश्नरेट में सुनाई दे रही थी। बताया जा रहा है कि कई चौकियों के लिए काफी देर तक मंथन हुआ और फिर राइट फेस को भेजा गया है। सूत्र बता रहे हैं कि वैसे खास चौकी पर जो टू-स्टार आ रहे हैं, वह इससे पहले खेत के बराबर वाले इलाके की एक चौकी पर रहे हैं। जहां एक के बाद एक कई खुलासे किए गए हैं। तो उनकी पर्सनैलिटी और वर्किंग स्टाइल पहले भी चर्चा में रहा है। बताया जा रहा है कि उन्होंने एक खास ऑफिस में ट्रेनिंग भी ली थी और देहात में भी वह अपनी वर्किंग दिखा चुके हैं। अब देखना होगा कि सिटी वाले खास थाने में उनकी वर्किंग कैसी रहती है। वैसे भी जो यह इलाका है, इसे बेहद हॉट और हाईलाइट वाला माना जाता है। यहां के वाद और विवाद हमेशा टेंशन और अधिकारियों की अटेंशन को बढ़ाने का काम करते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले साहब ने तैनात किए जाने वाले टू-स्टारों के बारे में पूरी जानकारी लेने के बाद ही लिस्ट फाइनल की गई है। बताया जा रहा है, इस लिस्ट के ट्वीट पर बहुत ज्यादा असर नहीं रहा है। हालांकि सूत्रों की माने तो इसमें एसीपी स्तर के अधिकारियों की भी सहमति मिली है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में जिस तरीके से सिटी जोन वाली लिस्ट आई है, उससे कई थाना प्रभारियों की टेंशन थोड़ी कम हुई होगी। वैसे भी अब दोपहर के वक्त होने वाली घटनाओं में थोड़ा इजाफा आएगा। ऐसे में अच्छी वर्किंग वाले टू-स्टार ही थाना प्रभारी को सपोर्ट दे पाएंगे।




## नर्सिंग होम का विरोध कर हाउसिंग सोसाइटी के लोगों ने किया विरोध-प्रदर्शन

### पार्किंग और प्रदूषण को लेकर जताई आपत्ति



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के रेलवे रोड स्थित राजेंद्र नगर में एक निमार्णाधीन नर्सिंग होम और हेल्थ सेंटर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एआरसी हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य रोक दिया। सोसाइटी के अध्यक्ष अशोक सोढ़ी, मंत्री सचिन जिंदल और कोषाध्यक्ष भुवन जैन ने कई गंभीर मुद्दे उठाए हैं। उनका कहना है कि हेल्थ सेंटर के मरीजों और स्टाफ की गाड़ियां पूरे रास्ते को जाम कर देती हैं। इससे आवागमन प्रभावित होता है।

निवासियों ने डीजल जनरेटर से होने वाले प्रदूषण पर भी चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेडिकल वेस्ट सड़क पर फेंका जा रहा है। सोसाइटी के पदाधिकारियों का कहना है कि नगर पालिका परिषद ने आवासीय क्षेत्र में हेल्थ सेंटर की अनुमति देकर लोगों की सुरक्षा से समझौता किया है। प्रदर्शनकारियों ने हेल्थ सेंटर को अपनी पार्किंग व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही मांग की है कि जब तक उचित व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक सेंटर की गतिविधियों पर रोक लगाई जाए।

## पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली

### कांबिंग के बाद दो गिरफ्तार, करते थे गाड़ी चोरी

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस दादरी रोड शशि चौक कट पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। बोटेनिकल अंडर पास की तरफ से एक सफेद रंग की क्रेटा कार आती दिखाई दी। जिसे चैकिंग के लिए रूकने का इशारा किया गया। लेकिन गाड़ी नहीं रुकी। यूटर्न लेकर वापस दादरी रोड की तरफ जाने लगे। अपने आप को पुलिस से घिरता देख कार में सवार संदिग्ध बदमाशों ने सेक्टर-42 के जंगल की तरफ भागने की कोशिश की। पुलिस पर किया फायर कार से उतरते हुए बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इस दौरान



एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह जमीन पर गिर गया। इसकी पहचान मौहम्मद इश्तियाक उर्फ साहिल के रुप में हुई। वहीं बाकी के दोनों बदमाशों को कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान मौहम्मद वाकिर उर्फ समीर और अब्दुल गनी उर्फ राजू हुई। पहले भी जा चुका जेल घायल बदमाश इश्तियाक को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। इनके पास से एक तमंचा, सफेद रंग की क्रेटा गाडी नंबर, 04 टायर बरामद किए गए। घायल बदमाश पहले भी थाना मोदीनगर, कौशाम्बी आदि से टायर चोरी की घटनाओं में जेल जा चुका है। तीनों ही शातिर किस्म के बदमाश हैं। ये लोग गाड़ी चोरी की घटना करते थे। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।

## हापुड़ में कांगेस से राकेश त्यागी जिलाध्यक्ष और इरफान अहमद बने शहर अध्यक्ष

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** कांग्रेस ने हापुड़ में नई टीम की घोषणा कर दी है। जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता राकेश त्यागी को सौंपी गई है। शहर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष पूर्व सभासद इरफान अहमद को बनाया गया है। दोनों पदों के लिए एक दर्जन से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। सभी ने अपने नामांकन पत्र प्रदेश सचिव पुरुषोत्तम नागर को सौंपे थे। कांग्रेस आलाकमान ने नई नियुक्तियों की घोषणा की। नए जिलाध्यक्ष राकेश





त्यागी दिल्ली रोड स्थित मोहल्ला चमरी के निवासी हैं। वे लंबे समय से कांग्रेस से जुड़े हैं। त्यागी पहले राष्ट्रीय कांग्रेस छात्र संगठन के नगर अध्यक्ष रह चुके हैं। यूथ कांग्रेस के नगर अध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं। वे व्यापारी प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन भी रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। शहर अध्यक्ष बने इरफान अहमद भी लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं। वे पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। दोनों नेताओं ने कहा है कि वे संगठन को मजबूत करेंगे। कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलेंगे।

# टेस्ला साइबरट्रक में बड़ा संकट: 46,000 वाहनों को वापस बुलाया, सुरक्षा कारणों से कंपनी की 8वीं रिकॉल

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सुरक्षा विनियामकों ने टेस्ला को एक और बड़ा झटका दिया है। इसके तहत टेस्ला के लगभग सभी साइबरट्रक वाहनों को वापस बुला लिया गया है। यह टेस्ला द्वारा निर्मित वाहनों के लिए अब तक की आठवीं रिकॉल कार्रवाई है। रिकॉल में शामिल 46,000 से अधिक साइबरट्रक को वापस मंगाया गया है।



## एनएचटीएसए ने दी जानकारी

नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएचटीएसए) ने बताया कि साइबरट्रक के विंडशील्ड के बाएं और दाएं किनारे पर एक बाहरी पैनल चलने के दौरान अलग हो सकता है, जो सड़क पर अन्य ड्राइवरों के लिए खतरनाक हो सकता है और दुर्घटना का कारण बन सकता है।

मामले में एनएचटीएसए ने ये भी कहा कि इस चिपकने वाले पदार्थ में पर्यावरणीय भंगुरता के कारण समस्या आ सकती है। इसके समाधान के लिए, टेस्ला अतिरिक्त मजबूती के साथ नए चिपकने वाले पदार्थ का उपयोग करेगा।टेस्ला इन वाहनों को मुफ्त में ठीक करेगा और मालिकों को 19 मई 2025 तक एक सूचना पत्र भेजा जाएगा।

**ये सभी वाहन वर्ष 2024 और 2025 मॉडल हैं, जो 13 नवंबर 2023 से लेकर 27 फरवरी 2025 के बीच बनाए गए थे**

**रिकॉल टेस्ला के लिए झटका, समझिए कैसे :** बता दें कि यह रिकॉल कार्रवाई टेस्ला के लिए एक और झटका है, जो पिछले कुछ समय से लगातार सुरक्षा समस्याओं का सामना कर रहा है। हाल ही में, टेस्ला के इलेक्ट्रिक इन्वर्टर में खराबी की वजह से भी वाहनों को रिकॉल किया गया था, जिससे ड्राइव व्हील्स की शक्ति कम हो सकती थी। इसके अलावा, एक्सेलेरेशन पैडल की समस्या, विंडशील्ड वाइपर और डिस्प्ले स्क्रीन की खराबी जैसी अन्य समस्याएं भी सामने आ चुकी हैं। गौरतलब है कि साइबरट्रक को 2023 के अंत में ग्राहकों को डिलीवर करना शुरू किया गया था। साथ ही इसकी डिलीवरी के बाद से यह आठवीं बार है जब इसे वापस मंगाया गया है। हालांकि, इस बार किसी भी घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन टेस्ला के लिए यह एक नई चिंता है क्योंकि कंपनी पहले से ही बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा मुद्दों से जूझ रही है। टेस्ला के शोरूप बन रहें हमलों का शिकार।

# कनाडा में 23 मार्च को संसद भंग कर चुनाव की घोषणा करेंगे कार्नी

**ओटावा ।** कनाडा में मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अब देश में आम चुनाव की तैयारियां कराई जा रही हैं। दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्नी इस रविवार को संसद भंग करने और देश में आम चुनाव कराने के लिए गवर्नर जनरल मैरी साइमन से अनुरोध कर सकते हैं। बता दें कि बीते 14 मार्च को कार्नी ने पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह प्रधानमंत्री पद संभाला था।

पीएम बनने के बाद लिबरल पार्टी की कमान संभाल चुके कार्नी चुनाव की घोषणा कब करते हैं, इस पर सबकी नजरें हैं, क्योंकि पड़ोसी देश अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों में तनाव पर लगातार सुर्खियों में है। गौरतलब है कि कनाडा में समयपूर्व चुनाव होना तय है और अमेरिका के साथ तल्ख रिश्तों को देखते हुए कनाडा की सरकार मजबूत जनादेश की तलाश कर रही है।




**इतने दिन चलेगा चुनावी अभियान**

मीडिया रिपोट्र्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि अगर कार्नी रविवार को ऐसा करते हैं तो चुनाव 28 अप्रैल या 4 मई को हो सकता है। ऐसे में चुनाव अभियान 36 से 50 दिनों तक चल सकता है।

आम चुनावों के वक्त को लेकर क्या बोले कार्नी जब मार्क कार्नी से आम चुनाव के समय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ किया कि इस बारे में वे सबसे पहले जनरल मैरी साइमन से बात करेंगे। उन्बोंने कहा कि वर्तमान में जबकि कनाडा कई समस्याओं से जूझ रहा है ऐसे में सरकार को एक मजबूत और स्पष्ट जनादेश की आवश्यकता है। हम देश के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण, कार्रवाई पेश कर रहे हैं। चुनाव के समय के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने संवाददाताओं से कहा।

# इटली के इल फोग्लियो ने रचा इतिहास छापा समाचार पत्र का एआई संस्करण

**रोम ।** इटली में दुनिया का पहला एआई समाचार पत्र छापा गया है। बता दें कि, इतालवी अखबार 'इल फोग्लियो' ने समाचार पत्र का एआई संस्करण छाप कर इतिहास रचा है। इसके साथ ही अखबार ने ऐसा करने की वजह भी बताई है। जानकारी के मुताबिक, यह प्रयोग एक महीने तक चलेगा और इसका उद्देश्य एआई की सीमाओं और संभावनाओं को समझना है।


IL FOGLIO

La Giornata

जानकारी के मुताबिक, इल फोग्लियो हर दिन अपनी सामान्य अखबार की कॉपी के साथ चार पन्नों का एआई-संस्करण भी प्रकाशित कर रहा है। इसमें करीब 22 लेख और 3 संपादकीय होते हैं, जो एआई के जरिए तैयार किए जाते हैं। इसमें अखबार के 20 से अधिक पत्रकार ओपनएआई के चैटजीपीटी टूल्स से लेख लिखवाते हैं। वे एक खास विषय और विशेष लेखन शैली में लेख तैयार करने के लिए निर्देश देते हैं। अगर एआई के लेख में ज्यादा गलतियां होती हैं, तो नया लेख लिखा जाता है।

एआई समाचार पत्र में कौन-कौन से लेख शामिल?

एआई से छपे समाचार पत्र के लेखों की बात की जाए, तो इसमें इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के भाषणों का विश्लेषण शामिल है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन बातचीत पर एक संपादकीय के साथ-साथ फैशन से जुड़ा एक लेख भी शामिल है।

वहीं इसे लेकर इल फोग्लियो के संपादक क्लॉडियो सेरासा ने कहा कि इसका मकसद पत्रकारिता को खत्म करना नहीं, बल्कि उसे नया जीवन देना है। उन्होंने कहा, 'हम यह देखना चाहते हैं कि एआई क्या कर सकता है, उसकी क्या सीमाएं हैं और पत्रकारिता में इसका कैसे सही तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है।'

इस प्रयोग से यह साफ हुआ कि एआई तेजी से और कुशलता से लेख लिख सकता है, लेकिन वह इंसानों की रचनात्मकता और अनोखे दृष्टिकोण की बराबरी नहीं कर सकता। एआई से लिखे लेख अच्छे होते हैं।

# शुक्रवार को पूरे दिन बंद रहेगा लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा

**लंदन ।** ब्रिटेन का हीथ्रो हवाई अड्डा शुक्रवार को बंद रहेगा। दरअसल एक पावर स्टेशन में भीषण आग लगने के चलते हीथ्रो हवाई अड्डे और इसके आसपास के हजारों घरों में शुक्रवार को बिजली गुल रहेगी। पश्चिमी लंदन के एक पावर स्टेशन में लगी आग के बाद आसपास के 150 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। हवाई अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि 'यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे पास शुक्रवार को हवाई अड्डे को बंद करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। ऐसे में यात्रियों को हवाई अड्डे आने से बचना चाहिए।'



**बिजली कटौती से 16 हजार से ज्यादा घर हुए प्रभावित:** लंदन अग्निशमन विभाग ने बताया कि 10 फायर इंजन और करीब 70 अग्निशमन दल के सदस्यों ने आग पर काबू पाया। बिजली स्टेशन में लगी आग इतनी भीषण थी कि उससे निकलने वाला धुआं काफी दूर तक देखा गया और सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें खूब पोस्ट की गईं। इस इलाके में बिजली सप्लाई करने वाले स्कॉटिश एंड सदर्न इलेक्ट्रिसिटी नेटवर्क ने बताया कि बिजली कटौती के चलते 16,300 से ज्यादा घर प्रभावित हुए हैं। आग की घटना गुरुवार देर रात करीब 11.23 पर घटी। आग लगने की वजह अभी भी स्पष्ट नहीं है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बयान जारी कर बताया कि एयरपोर्ट 21 मार्च को रात 11.59 बजे तक बंद रहेगा।

दन का हीथ्रो हवाई अड्डा दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक माना जाता है। साल 2024 में हीथ्रो हवाई अड्डे से कुल पांच करोड़ सीटें बुक की गईं और इसमें साल दर साल इजाफा हो रहा है। यही वजह है कि पूरे दिन हवाई अड्डे के बंद होने पर कई लोगों ने नाराजगी जाहिर की है। एयर इंडिया ने रद्द की उड़ान सेवाएं एयर इंडिया ने हीथ्रो हवाई अड्डे जाने वाली अपनी सभी उड़ान सेवाएं 21 मार्च को रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर बिजली संकट के चलते एयर इंडिया की सभी उड़ानें 21 मार्च को रात 23.59 तक रद्द रहेंगी।

एयरलाइन ने अपने कॉन्टैक्ट सेंटर के नंबर भी जारी किए हैं, जहां से अपडेट लिए जा सकते हैं। एयर इंडिया ने क्या कहा? लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें शुक्रवार को बाधित रहीं। एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि क उड़ान मुंबई लौट रही है, दूसरी को फ्रैंकफर्ट भेजा जा रहा है। बिजली की एक बड़ी कमी के बाद लंदन हीथ्रो (एलएचआर) पर परिचालन 21 मार्च को 2359 बजे (स्थानीय समय) तक निलंबित कर दिया गया है।

# अमेरिका-भारत संबंधों को मोदी-ट्रंप की दोस्ती से बल मिला, तुलसी गबार्ड की यात्रा के बाद ओडीएनआई का बयान

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड की भारत यात्रा पर ओडीएनआई (ऑफिस ऑफ द डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस) ने बयान जारी किया है। इसमें कहा गया, भारत में, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। यह यात्रा दशकों से चले आ रहे अमेरिका-भारत संबंधों को उजागर करती है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व और दोस्ती से बल मिला है।



ओडीएनआई के प्रवक्ता ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक गबार्ड की बैठकों में खुफिया जानकारी साझा करने, रक्षा, आतंकवाद-निरोध और अंतरराष्ट्रीय खतरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अलावा, राष्ट्रीय खुफिया निदेशक गबार्ड रायसीना डायलॉग में शामिल हुईं, जहां उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप के शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, सुरक्षित और समृद्ध समाज के लक्ष्यों की ओर बढ़ने के सामूहिक प्रयास पर मुख्य वक्तव्य दिया।

# अमेरिका में बंद होगा शिक्षा मंत्रालय: ट्रंप के फैसले के बादे चलेंगे शिक्षण संस्थान

## गुरुवार को उन्होंने इससे जुड़े एक आदेश पर हस्ताक्षर किए

**अमेरिका ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा फैसला किया है। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान शिक्षा मंत्रालय को बंद करने के अपने वादे को निभाया है। इसके तहत अब संघीय स्तर पर शिक्षा मंत्रालय को खत्म किया जाना है।

छात्रों और उनके अभिभावकों का क्या होगा आइये जानते हैं... पहले जानें- क्या है अमेरिका का शिक्षा मंत्रालय, यह करता क्या है अमेरिका में शिक्षा मंत्रालय की स्थापना 1979 में तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर की तरफ से की गई थी। इसका मकसद अमेरिका में अलग-अलग राज्यों के साथ केंद्रीय स्तर पर शैक्षिक नीतियों की निगरानी और स्कूलों को वित्तीय मदद देना था।

अमेरिका में शिक्षा व्यवस्था को चलाने का तरीका, भारत या अन्य देशों के मुकाबले काफी अलग है। अमेरिका में शिक्षा का अधिकतम भार केंद्र या संघ की सरकार के पास नहीं, बल्कि राज्य और जिला प्रशासन के ऊपर होता है। यानी अमेरिका में शिक्षा मंत्रालय का काम सरकारी स्कूलों को चलाना और उसका पाठ्यक्रम निर्धारित करना नहीं होता, यह जिम्मेदारी प्राथमिक तौर पर राज्यों और जिलों के प्रशासन की होती है।



संघीय शिक्षा मंत्रालय सरकारी और कुछ निजी स्कूलों की फंडिंग से जुड़े बेहद अहम कार्यक्रमों से जुड़ा रहता है। खासकर दिव्यांग छात्र-छात्राओं और कमजोर तबके के स्टूडेंट्स की शिक्षा के लिए फंड्स देने के मामले में।

शिक्षा मंत्रालय पूरे अमेरिका में नागरिक अधिकारों को लागू कराने के लिए भी जिम्मेदार होता है। केंद्रीय सरकार इस बाबत भी फंड्स जारी करती है कि स्कूलों में नस्ल और लैंगिक आधार पर भेदभाव को रोका जा सके। इतना ही नहीं शिक्षा मंत्रालय अमेरिकी स्कूलों का डाटा जुटाने और शिक्षा व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को सुलझाने का भी काम करता है।

**अमेरिका में शिक्षा व्यवस्था दुनिया में सबसे बेहतरीन स्तर की मानी जाती है। ऐसे में ट्रंप के इस फैसले को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। मसलन शिक्षा मंत्रालय को बंद करने के फैसले के बाद अमेरिका की शिक्षा व्यवस्था कैसे चलेगी इस फैसले का देश में शिक्षण संस्थानों पर क्या असर होगा उनके खर्च कैसे चलेंगे**

तो क्या शिक्षा मंत्रालय को राष्ट्रपति के आदेश पर ही बंद किया जा सकता है? डोनाल्ड ट्रंप ने शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने का आदेश तो दे दिया है, लेकिन यह काम इतना भी आसान नहीं होने वाला। दरअसल, अमेरिका में मंत्रियों की नियुक्ति और इन्हें हटाने का अधिकार राष्ट्रपति के पास होता है, लेकिन मंत्रालयों को स्थापित करने, इनकी फंडिंग और बाकी चीजों की जिम्मेदारी अमेरिकी संसद के पास होती है। ऐसे में ट्रंप को शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के लिए संसद की मंजूरी भी चाहिए होगी।

अमेरिकी संसद के उच्च सदन में ट्रंप को सुपरमेजौरिटी यानी 100 में से 60 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी। ताजा आंकड़ों की बात करें तो चुनाव के बाद सीनेट में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है। फिलहाल सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के 53 तो डेमोक्रेटिक पार्टी के 47 सांसद हैं।

# तीन भारतीय नागरिकों को इंडोनेशिया में मिल सकती है मौत की सजा, ड्रग तस्करी का है आरोप

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया में तीन भारतीयों को मौत की सजा सुनाई जा सकती है। दरअसल तीनों पर जुलाई 2024 में इंडोनेशिया में ड्रग की तस्करी करने का आरोप है। फिलहाल मामले में सुनवाई चल रही है, लेकिन इंडोनेशिया के कानून के मुताबिक तीनों को मौत की सजा सुनाई जा सकती है। आरोप है कि इन तीनों भारतीयों ने सिंगापुर का झंडा लगे जहाज से इंडोनेशिया में ड्रग पहुंचाई।



## तीनों आरोपी तमिलनाडु के हैं निवासी

तीनों की पहचान राजू मुथुकुमारन (38 वर्षीय), सेल्वादुरई दिनाकरण (34 वर्षीय) और गोविंदसामी विमलकंधन (45 वर्षीय) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी तमिलनाडु के निवासी हैं। तीनों सिंगापुर की शिपिंग इंडस्ट्री के लिए काम कर रहे थे। तीनों पर 106 किलो क्रिस्टल मेथ ड्रग अवैध रूप से इंडोनेशिया ले जाने का आरोप है। इंडोनेशिया के सुरक्षाबलों ने करीकुम जिले के पोंगकर इलाके में जहाज को पकड़ा। जहां से जहाज पकड़ा गया, वहां से सिंगापुर की दूरी महज एक घंटे की है। इस मामले में अब जहाज के कैप्टन की गवाही होनी है।

लेकिन जहाज का कैप्टन कोर्ट में पेश नहीं हुआ। वह जूम कॉल के जरिए सुनवाई से जुड़ा और इसके चलते उसकी गवाही नहीं हो सकी। इस मामले में जहाज के कैप्टन की गवाही बेहद अहम है और उसी से ही तीनों भारतीयों की बेगुनाही साबित हो सकती है।

**15 अप्रैल को हो सकता है सजा का एलान :** इंडोनेशिया के अभियोजकों ने तीनों भारतीयों के लिए मौत की सजा की मांग की है। एक भारतीय वकील ही तीनों भारतीयों का पक्ष रख रहा है। बचाव पक्ष का कहना है कि कैप्टन की मंजूरी के बिना इतनी बड़ी संख्या में ड्रग को जहाज में रखना संभव नहीं है। साथ ही जहाज से मिली सभी चीजों की जिम्मेदारी कैप्टन पर होती है। इस मामले में 15 अप्रैल को सजा का एलान हो सकता है।

# अमेरिका में एलन मस्क को बड़ा झटका

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने एलन मस्क को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत जज ने एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग को समाजिक सुरक्षा प्रशासन प्रणालियों से अस्थाई रूप से रोक दिया है। जहां मैरीलैंड में अमेरिकी जिला न्यायाधीश एलेन हॉलैंडर ने यह निर्णय लिया कि



टीम को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन प्रणालियों से अस्थायी रूप से रोक दिया जाए। बता दें कि मस्क की ये प्रणालियां लाखों अमेरिकियों का व्यक्तिगत डेटा रखती हैं। इस आदेश के तहत, टीम को उस सभी व्यक्तिगत जानकारी को हटाने का आदेश दिया गया है जो उनके पास है। यह फैसला उस समय आया जब श्रमिक संघों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए एक आपातकालीन आदेश मांगा था। उनका कहना था कि की टीम को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन के डेटा तक लगभग असीमित पहुँच है।

# यमन ने इस्राइल पर दागीं मिसाइलें बजे हवाई हमले के सायरन

**यरुशलम ।** इस्राइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौता टूटने के बाद तनाव और बढ़ गए है। इसी बीच इस्राइली सेना ने एक बयान जारी कर बताया कि यमन से एक मिसाइल लॉन्च की गई, जिसके बाद मध्य यरुशलम और इस्राइल के अन्य हिस्सों में हवाई हमले का सायरन बजने लगा। बता दें कि यह घटना इस्राइल द्वारा यमन के हौथी विद्रोही समूह द्वारा पहले लॉन्च की गई एक और मिसाइल को रोकने के कुछ घंटों बाद हुई। जहां युद्ध विराम समझौता टूटने के बाद, ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने इस सप्ताह इस्राइल पर फिर से हमले शुरू कर दिए हैं।



**गाजा में 91 लोगों की मौत :** दूसरी ओर एक बार फिर गाजा में इस्राइली टैंक ने प्रवेश किया, जिसके बाद इस्राइली सैनिकों ने जमीनी हमले करने शुरू कर दिए। इस्राइली सेना के इस हमले में 91 फलस्तीनी मारे गए। इसके बाद, इस्राइली सेना ने यमन से दो मिसाइलें दागी जाने की जानकारी दी। हालांकि पहले, इस्राइल और हमास के बीच गोलीबारी रोकने के बाद, हमास ने इस्राइल में फिर से रॉकेट दागे। इस पर हमास ने कहा कि वह युद्ध विराम को आगे बढ़ाने के लिए वार्ता फिर से शुरू करना चाहता है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय का बयान मामले में गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस्राइल द्वारा बमबारी और जमीनी अभियान फिर से शुरू करने के बाद, गाजा में कम से कम 91 फलस्तीनी मारे गए। साथ ही दर्जनों लोग घायल हो गए। गाजा के लोग फिर से अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे हैं, क्योंकि इस्राइल ने युद्धविराम को खत्म कर दिया और गाजा में स्थित प्रमुख फलस्तीनी आतंकवादी समूह, हमास के खिलाफ नया हवाई और जमीनी अभियान शुरू किया। मंत्रालय ने बताया कि इस्राइली विमानों ने आवासीय इलाकों में पर्चे गिराए।

# निगम खरीदेगा पांच आधुनिक मल्टीलेवल एंटी स्मोक गन

## महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लिया डेमो






**सड़क को धूल मुक्त करने के साथ-साथ हवा में फैली धूल पर भी नियंत्रण करेगी आधुनिक एंटी स्मोकगन : महापौर सुनीता दयाल**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वायु गुणवत्ता सुधार हेतु लगातार गाजियाबाद नगर निगम प्रयासरत है जिसके क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आधुनिक एंटी स्मोक गन सभी जोन हेतु खरीदने की तैयारी चल रही है महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर आधुनिक एंटी स्मोक गण का डेमो लिया गया। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, पार्षद भारत गौतम पार्षद अमित त्यागी उपस्थित रहे।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए पांच एंटी स्मोक गन जो कि आधुनिक हैं जिनके द्वारा न केवल अपनी छिड़काव का कार्य बेहतर किया जाएगा बल्कि आग लगने की स्थिति में भी इस्तेमाल में ली जाएगी। वर्तमान में पांच एंटी स्मोक गन खरीदने का निर्णय लिया गया है। आवश्यकता को देखते हुए पांच आधुनिक एंटी स्मोक गन और खरीदने के लिए स्वास्थ्य विभाग को कहा गया है जिसके लिए निविदा प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। शहर वासियों को वायु की गुणवत्ता बेहतर मिले इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम निरंतर प्रयास कर रहा है आधुनिक एंटी स्मोक गन के माध्यम से पांचों जोन में इंदिरापुरम सहित अभियान के रूप में पानी का छिड़काव किया जा सकेगा। आधुनिक एंटी स्मोक गन में वाटर कैनन पंप भी लगाया गया है जिसके माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर भव्य रूप से पानी का छिड़काव किया जा सकेगा, टैंक की क्षमता लगभग 9000 लीटर पानी की है जिसमें एसटीपी के शोधित जल का इस्तेमाल किया जाएगा जो कि शहर वासियों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी।

### पांचों जोन में नियमित होगा पानी का छिड़काव : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि वायु गुणवत्ता सुधार हेतु गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आधुनिक पांच एंटी स्मोक गन खरीदने की तैयारी चल रही है जिसका डेमो लिया गया मौके पर मल्टी लेवल एंटी स्मोक गण के द्वारा चारों तरफ से पानी के छिड़काव करने की क्रिया को दिखाया गया। आधुनिक एंटी स्मोक गन के द्वारा हवा की धूल पर नियंत्रण करने का कार्य किया जाएगा। गाड़ी के चारों तरफ से पानी का छिड़काव के साथ गाड़ी पर लगे वाटर कैनन गन के माध्यम से लगभग 20 मीटर ऊंचाई तक पानी का छिड़काव किया जा सकेगा। डेमो में देखा गया इस प्रकार की आधुनिक एंटी स्मोक गण से पांचों जोन अंतर्गत कार्य किया जाएगा जिससे वायु गुणवत्ता सुधार का कार्य स्वास्थ्य विभाग की मॉनिटरिंग में होगा।

# मेरठ व सहारनपुर मंडलों का अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 24 से 29 मार्च को

## दिनेश कुमार गोयल विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों का तत्काल निवारण एवं समीक्षा करेंगे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में मेरठ व सहारनपुर मण्डलों का अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 24 से 29 मार्च तक प्रस्तावित है। विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी प्रकार की शिकायतों का तत्काल निवारण एवं समीक्षा की जाएगी। जिससे जहां एक ओर जनता को इस समिति के भ्रमण का लाभ मिलेगा वहीं दूसरी ओर सरकार को भी विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यशैली की जानकारी प्राप्त होगी कि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा किसी उपभोक्ता को नाजायज तो नहीं सताया जा रहा है इसलिए सभी उपभोक्ता जिनका विद्युत विभाग में कोई कार्य लम्बित है। वह निम्न कार्यक्रमानुसार आकर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं। यह कार्यक्रम 25 मार्च को गाजियाबाद व हापुड, 26 मार्च को बुलन्दशहर व नोएडा, 27 मार्च को मेरठ व बागपत, 28 मार्च को मुजफ्फरनगर व शामली, 29 मार्च को सहारनपुर जिलों में जिला मुख्यालयों पर होगा।

इस दौरे के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ अश्विनी त्यागी, सलिल विश्नोई, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विजय शिवहरे, सी0पी0चन्द, रविशंकर सिंह, हरिओम पाण्डेय, डा0 रतन पाल सिंह, जितेन्द्र सिंह सेंगर, विजय बहादुर पाठक सदस्यगण विधान परिषद व विधुत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी जिलेवार मौजूद रहेंगे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि देहात वाले को नहीं था इस बात का खटका? कि वो बात ऐसी करेगा कि सामने से लगेगा उसको झटका? सुना है उसने सामने वाले चेहरे से कही अपने क्षेत्र में इंट्रोडक्शन कराने की बात? इतना भर कहना था और बदल गये हालात? सामने वालों ने ले लिया उनको निशाने पर? कहा आप हमारा इंट्रोडक्शन कराना चाह रहे हो, ये बात हम समझ नहीं पा रहे हैं, खुद को भी समझाने पर? फिर मौके पर ले ली लेने वालों ने इंट्रोडक्शन की बहुत सारी क्लास? बैठ गया देहात वालों का दिल, कुछ ऐसे बने हालात?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि दस सालों में सिर्फ दो ही पार्टी के बड़े चेहरे कर पायें है इतना बड़ा काम? एक हैं इसमें मिस्टर गर्ग, दूसरे हैं कश्यप जी श्रीमान? गर्ग साहब ने अपने कॉलेज में तमाम जनप्रतिनिधियों में कराया था योगी जी का प्रोग्राम? कुछ इसी तरह कश्यप जी के व्यक्तिगत बुलावे पर उनके कार्यक्रम में आने का बनाया है सीएम का प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा इस मामले में अभी तक बाकी जनप्रतिनिधियों के हैं हाथ खाली? ना जाने कब इन सबके निजी कार्यक्रमों में बजेगी योगी जी के आने पर ताली?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेरी बात को ध्यान से सुनना? गोयल साहब के पॉवर में आने के बाद मुश्किल है अब कमेटी में एन्ट्री कर पायेंगे गागर भैया और मुन्ना? दोनों का बहुत अच्छा नहीं है गोयल साहब के साथ वाला इतिहास? जब गर्दिश में थे तारे तब इनकी अदायें कुछ ज्यादा ही थी खास? कहने वाले ने कहा वक्त करवट लेता है और बदल जाते हैं किरदार? ऐसे में अब हमें बहुत मुश्किल लग रहा है कि किसी चैनल पर गोयल साहब करायेंगे इनके नाम पर विचार? कमेटी में आने का सपना देखना तो बहुत दूर की कोड़ी है यार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि सुना है एक चेहरा कर रहे हैं कमेटी में आने के पूरे प्रयास? आजकल ये चेहरा नजर आ रहा है ताकतवर वालों के खूब आसपास? मगर शायद ये भूल गया है पुराने वाले अपमान की बात? एक समय इस चेहरे ने हवा में उठा दिये थे इसी के सामने अपने हाथ? कहने वाले ने कहा ये चेहरा भले ही इस बात को भूल गया हो? मगर मामले को निपटाने वाले कभी भी इस बात को करा देंगे ताकतवर वाले भाई को याद?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक विधायक जी ने गोयल साहब को कर दिया है बिल्कुल स्पष्ट? कह दिया है कि हम आपसे किसी भी नाम की शिफारिश नहीं करेंगे? भले ही हमारा कोई विरोधी हो उसे भी आप अपनी टीम में रख लेना? जो हमें बीप...बीप कहता हो, उसको रखोगे तो हमें होगा कष्ट? कहने वाले ने कहा ये कह कर विधायक जी ने निपटा दिया है बिरादरी वाले एक बड़े चेहरे का काम? अब ये चेहरा भले ही साहब की कितनी ही सिफारिश करा ले? मगर नहीं होगा इसका कोई समाधान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अच्छा लगता है भगवा मैम्बर त्यागी जी का किरदार? वो सभी के साथ रखते हैं एक जैसा ही व्यवहार? भगवा कमांडर हों या वर्तमान वाले अध्यक्ष? सभी के साथ होते हैं उनके दीदार? नहीं करते हैं वो किसी के साथ भी भेद? उनका दिल है एकदम सफेद? हम तो चाहते हैं बाकी चेहरों को भी इस चेहरे से लेनी चाहिए सीख? गुटों में बंट जाना नहीं होता है कभी भी ठीक?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात हमारी आप सुन लो कान खोलकर श्रीमान? संगठन के नए भगवा योद्धा सिफारिश से नहीं मैरिट पर करेंगे काम? कहने वाले ने कहा वो व्यक्ति हैं बहुत ही सिद्धान्तवादी? सिफारिशों के नहीं है वो बिल्कुल भी आदि? खुद भी जिस पारी को वो खेल रहे हैं, उस पर नहीं लिया है उन्होंने किसी का सहयोग? अपनी कर्मठता से बनाया है उन्होंने ये योग? ऐसे में जो होगा परफोर्मर? उसी का बनेगा उनकी टीम में आने का योग?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से गोयल साहब की हुई है अध्यक्ष वाले सिस्टम पर घोषणा? तब से भगवा योद्धा के करीब हर कोई चाहता है पहुंचना? कहने वाले ने कहा भगवा लेखराज भी लगातार दिखाई दे रहे हैं उनके साथ? उनकी गतिविधियों को लेकर लग रहा है कि वो फिर से संगठन में आने का कर रहे हैं प्रयास? कहने वाले ने कहा वैसे मजबूत है उनका पार्टी में फैक्टर? मगर यहां पर एक मजबूत बाल्मीकि चेहरा है, जो है सीन का काफी मजबूत एक्टर? देखना अब ये है कि भगवा यौद्धा की फिल्म में अब किसको मिलेगा रोल? वैसे बाल्मीकि चेहरे का मजबूत गड़ा हुआ है पोल?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा की कमेटी में आने का अभी से बुनना शुरू कर दिया है एक ओबीसी और एक बल्ले बल्ले वाले चेहरे ने सपना? महानमंत्री वाला दायित्व दोनों बैठकर मान गये हैं अपना? सुना है कुछ ऐसे ही इन दोनों ने देखे थे भगवा कमांडर की कमेटी में आने के ख्वाब? कुछ ऐसे ही अभी से इन्होंने सपने सहेजने शुरू कर दिये हैं साहब? कहने वाले ने कहा दोनों भाईयों को जरूर मिलना चाहिए इस बार भगवा योद्धा की कमेटी में स्थान? आखिर लंबे समय से इनकी ख्वाहिशें हो रहीं हैं किसी ना किसी वजह से कुर्बान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा गोयल साहब की कमेटी में कौन पायेगा या कौन नहीं पायेगा स्थान? इसको लेकर भविष्य में चर्चा में रहने है सैंकड़ो नाम? इन नामों के बीच में मै आपको दे रहूं नाम? इस नाम को आप साईड में लिख लो? किसी को मिले ना मिले, इस नाम को जरूर मिलेगा स्थान? कश्यप जी को मिलेगा भगवा योद्धा की टीम में अहम किरदार? वो जरूर करेंगे इस नाम पर विचार? भले ही नहीं हो रहे हों इस चेहरे के इस वक्त गोयल साहब के साथ ज्यादा दीदार? कहने वाले ने कहा जो चेहरे इस वक्त नजर आ रहे हैं उनके साथ? देखना ऐसे ही चेहरे होंगे उनके साथ रथ पर सवार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# पप्पू पहलवान ने आस्था सोसाइटी के गेट पर मेक इन इंडिया प्रतीक चिह्न का किया उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने वार्ड 78 शालीमार गार्डन विस्तार प्रथम में आस्था सोसाइटी के गेट पर सौंदर्यकरण हेतु शेर की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष आस्था सोसाइटी बी के गोस्वामी द्वारा किया गया और महामंत्री पप्पू पहलवान का क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने पर आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर डी एन कोल प्रतीक माथुर, बीके गोस्वामी, जीवन प्रकाश, आलोक जोशी, जी. सी. सक्सैना, प्रकाश शर्मा, अधिकारी संजय श्रीवास्तव, पुनीत रासवंत, लेखराज छाबड़ी, जगदीश सती, भूषण लाल, केशव सक्सेना, शैलेंद्र सक्सेना, जितेंद्र कुमार, सुनील शर्मा, प्रदीप देवली, नीरज गुप्ता, राजू अग्रवाल, हरीश गौड, प्रेम त्यागी, रूचि गोयल, वंदना शर्मा, नंदिनी श्रीवास्तव, राज जैन, निशा चौहान, सुमन सती, मनोज शर्मा, एसपी तिवारी, अनीता राणा, प्रियंका सोलंकी, सुनीता चौहान, आशा पवार आदि उपस्थित रहे।



# डॉ.अतुल कुमार जैन ने पार्कों के रख रखाव के लिए अधिकारी को लिखा पत्र






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डॉ.अतुल कुमार जैन ने लोहा मंडी के पार्कों के सौंदर्यीकरण और रखरखाव के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी को पत्र लिखा। गाजियाबाद स्थित लोहा मंडी से लोहा और इस्पात का बड़ी मात्रा में व्यापार होता है, यहीं से सरकारी और गैर सरकारी परियोजनाओं में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ भारतवर्ष के अन्य राज्यों में लोहे और इस्पात की आपूर्ति की जाती है।

लोहा मंडी क्षेत्र में लगभग सात पार्क स्थित हैं जिनका समुचित रखरखाव न होने की वजह से गंदगी व्याप्त है और कुछ ही दिनों पूर्व बनाई गई बाउंड्री वॉल भी टूटने लगी हैं। उपरोक्त के संबंध में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डा.अतुल कुमार जैन ने पत्र लिखकर मयूर माहेश्वरी मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण से निवेदन किया है कि पार्कों के सौंदर्यीकरण के लिए उनके उचित रखरखाव के साथ-साथ बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु संबंधित को उचित दिशा निर्देश पारित करने की कृपा करें जिससे स्वच्छता भी हो और पर्यावरण में भी सुधार हो सके।

## घर के बाहर खेल रहे बच्चे को कार ने कुचला

# पहले कार ने अगले फिर पिछले टायर से कुचला, मौत, ड्राइवर गिरफ्तार






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना खोड़ा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना में देखा जा सकता है कि कार ने पहले अपने अगले टायर और फिर पिछले टायर से बच्चे को कुचल दिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, मृतक बच्चे के पिता राम बहादुर ने पुलिस को सूचना दी। घटना गुरुवार शाम 6:00 बजे की है। राम बहादुर का बेटा वंश घर के बाहर सड़क पर खेल रहा था। अचानक एक कार ने उसे टक्कर मार दी। घायल वंश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी चालक विकास सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दुर्घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली गई है।

# खड़िया व रद्दी चावल से बनाया जा रहा था आटा

## खाद्य विभाग की टीम ने आटा चक्की की सील





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** डासना बड़े बाजार में संचालित लाला विपिन आटा चक्की को सील कर दिया गया। यहां लगातार मिलावट की शिकायत मिल रही थी। सादिक अली द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में चक्की को सील कर दिया गया, जबकि चक्की संचालक मौके से फरार हो गया। खड़िया व घटिया चावल को पीसा जा रहा था शिकायत करने वाले सादिक अली ने पुलिस व खाद्य विभाग को बताया था। कि लाला विपिन आटा चक्की में गेहूं पिसाई के दौरान भारी मिलावट की जाती है। इसमें राशन के चावल, खड़िया और चौक जैसी अशुद्ध चीजों को मिलाया जा रहा है। चक्की में आटे से भरे बोरे गाजियाबाद में अलग अलग स्थानों पर सप्लाई किए जाते हैं। टीम ने एक कैंटर राशन जब्त किया है, जिसमें चावल भरा हुआ था। इस चावल की गुणवत्ता की भी जांच हो रही है, यह चावल राशन का बताया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि राशन का चावल कैसे पहुंच रहा है। टीम ने आटे के सैंपल लिए, जैसे ही फूड इंस्पेक्टर की टीम मौके पर पहुंची, चक्की संचालक मुकेश फरार हो गया। इस बीच फूड इंस्पेक्टर ने आटा चक्की को सील कर दिया और मौके से नमूने इकट्ठा किए। पुलिस ने कैंटर में भरे राशन को जब्त कर लिया और थाना वेव सिटी में रखवा दिया।

# शादी का वादा... फिर वृद्ध महिला को चंगुल में फंसाकर किया कंगाल

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** कौशांबी थाना क्षेत्र की एक सोसायटी में रहने वाली 65 वर्षीय महिला से शादी का वादा कर एक वृद्ध डेढ़ साल तक रहा। इस बीच महिला से तीन करोड़ रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए, जबकि 50 लाख रुपये के गहने बनवा कर बेटी को दे दिए। इस बीच महिला को बार-बार नोटरी मैरिज के दस्तावेज नहीं मिलने का झांसा देकर गुमराह करता रहा।

वहीं, महिला ने जब शादी और एफडी के दस्तावेज दिखाने की जिद की तो फरार हो गया। महिला ने पुलिस उपायुक्त से शिकायत कर कौशांबी थाने में केस दर्ज कराया है। कौशांबी क्षेत्र निवासी 65 साल की महिला का 2003 में पति से तलाक हो गया था। महिला के प्राइवेट कंपनी में हैदराबाद में उच्च पद पर कार्यरत रही थी। इससे उसके पास करोड़ों रुपये की संपत्ति थी, लेकिन कोई बच्चा नहीं था।

### अकेलापन महसूस होने पर लिया था ये फैसला

बताया गया कि अकेलापन महसूस होने पर करीब दो साल पूर्व महिला ने मेट्रोमोनियल साइट पर अपना प्रोफाइल बनाया। इसके जरिए करीब 68 वर्षीय एक वृद्ध ने महिला से संपर्क किया। आरोप है कि खुद को उसने सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी बताया था। इसके बाद उसका उनके घर आना-जाना शुरू हो गया। उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके अलावा कोई ध्यान नहीं रख सकता। झांसे में आकर महिला ने शादी के प्रस्ताव पर सहमति जताई और विवाह कर लिया। आरोप है कि यह विवाह फर्जी था, जिसे पंजीकृत कराने के लिए कहने पर बुजुर्ग आरोपी ने कहा कि उसने शादी की नोटरी करवा ली है, लेकिन उन्हें कभी दस्तावेज नहीं दिए। उन्होंने दोनों का एक ज्वाइंट बैंक खाता खुलवाया। आरोप है कि इसके बाद उसने तीन करोड़ रुपये की एफडी तुड़वाकर नकदी ज्वाइंट खाते में ट्रांसफर कर ली।



### परिवार के चार लोगों के खाते में आए 80 लाख

दनकौर में कस्बे के रहने एक ही परिवार के बैंक खाते में करीब एक वर्ष पहले 80 लाख रुपये आए थे। मामले की जांच करते हुए गुजरात पुलिस बृहस्पतिवार को दनकौर कस्बा पहुंची और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए घर पर दबिश दी, लेकिन पुलिस के घर पहुंचने से पहले ही मुख्य आरोपित फरार हो गया। दरअसल, कस्बे का रहने वाला एक युवक जन सेवा केंद्र संचालक है। करीब एक वर्ष पहले उसके परिवार के चार लोगों के बैंक खाते में 80 लाख रुपये आए थे। गुजरात पुलिस ने बताया कि गुजरात के रहने वाले एक व्यावसायिक के साथ एक वर्ष पहले ठगी की वारदात हुई थी।

तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज है। जिन बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर हुए हैं, उनका विवरण जुटा रहे है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।
– अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक पुलिस आयुक्त, इंदिरापुरम

### पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की

पीड़ित द्वारा पुलिस से मामले की शिकायत की गई। इसके बाद जांच शुरू हुई तो पता चला कि दनकौर कस्बे के रहने वाले एक ही परिवार के चार लोगों के बैंक खाते में रकम पहुंची है। पुलिस के अनुसार जन सेवा केंद्र संचालक काफी शातिर किस्म का अपराधी है। आरोपित द्वारा व्यावसायिक के साथ ठगी कर अपने स्वजन के बैंक खाते में रुपये ट्रांसफर करा लिए। बृहस्पतिवार को पुलिस जब आरोपित के घर पहुंची तो वह फरार हो गया। फिलहाल परिवार के अन्य सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 3 घंटे के विशेष अभियान में पुलिस ने किये 557 लोग गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस ने 557 लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि जिले के कई इलाकों में लोग खुलेआम सड़कों पर शराब पीते हैं। इससे आने-जाने वालों को परेशानी होती थी। अभियान के दौरान सड़क किनारे और शराब की दुकानों के आसपास चेकिंग की गई। ट्रांस हिंडन जोन में डीसीपी निमिष पाटिल के नेतृत्व में 162 लोगों को पकड़ा गया। इनमें इंदिरापुरम से 27, कौशांबी से 26, खोड़ा से 25, साहिबाबाद से 22, लिंक रोड से 27, शालीमार गार्डन से 17 और टीला मोड़ से 18 लोग शामिल हैं। डीसीपी रुरल सुरेंद्र नाथ तिवारी के अनुसार, देहात जोन में 153 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें लोनी से 18, ट्रोनिका सिटी से 18, अंकुर विहार से 5, लोनी बॉर्डर से 8, मसूरी से 17, मुरादनगर से 29, मोदीनगर से 14, निवाड़ी से 5, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 12 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 16 लोग शामिल हैं। यह अभियान पिछले ढाई महीनों से चल रहा है। इसमें गाजियाबाद के सभी एसीपी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी शामिल रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विधु गर्ग ने शिक्षा की एक अलख जगाई है। उनकी मुहिम से उन बच्चों को किताबें सहज उपलब्ध होती हैं जिनके लिए किताब खरीदना जटिल हे । वो एक प्रेरणा देती है अपनी पोस्ट के जरिए भी। शिक्षा की एक अलख जगती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।